www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 26 नवम्बर, 2023

वर्ष – 16 | अंक – 231 | पृष्ठ – 10

मूल्य – 3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

साहित्य
दु:ख का अधिकार पृष्ठ 06

शरद ऋतु में पर्यटकों की बाढ़ के बाद कश्मीर में सर्दियों के महीनों के लिए पर्यटक करवा रहे अग्रिम बुकिंग पृष्ठ 10

राजस्थान के भाग्य पर मतदाताओं ने लगाई मुहर पृष्ठ 02

■ बच्चों के बीच पहुंची शिक्षा मंत्री आतिशी
■ खनन मंडप में दिखा क्रिकेटर्स के साथ सेल्फी लेने का क्रेज 03

■ फिलिस्तीन के समर्थन में अमेरिका में प्रदर्शन
■ ऑस्ट्रेलिया में कथित हमले के बाद भारतीय छात्र कोमा में 07

## सार संक्षेप

### ट्रेड फेयर के अंतिम वीकेंड पर उमड़ी लोगों की भीड़



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित ट्रेड फेयर के अंतिम वीकेंड पर दिल्ली पवेलियन में जमकर भीड़ उमड़ी एवं लोग पेवेलियन के सभी स्टालों पर जमकर खरीदारी करते देखे गए। दिल्ली पवेलियन में बने अक्षरधाम मंदिर के साथ सेल्फी लेने का भी लोगों में जमकर क्रेज देखा गया। वहीं पवेलियन में रोज हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्टेज शो का भी लोगों ने लुत्फ उठाया।

### संविधान दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का होगा आयोजन





**नई दिल्ली।** विधि एवं न्याय मंत्रालय रविवार को यहां भारतीय विधि संस्थान के सहयोग से विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में संविधान दिवस मनाएगा। इसी दिन 1949 में भारत ने संविधान को अपनाया था। इस कार्यक्रम में पांच तकनीकी सत्रों वाली एक राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी।

### दिल्ली को राहत नहीं, वायु गुणवत्ता अब भी खराब



**नई दिल्ली।** दिल्ली में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शनिवार शाम 389 पर रहा जो बहुत खराब श्रेणी में है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के आंकड़ों में यह बात कही गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शाम छह बजे आनंद विहार में पीएम2.5 का स्तर 336 और पीएम10 का 320 रहा जो बहुत खराब श्रेणी में है।

### अमिताभ ने 50 करोड़ का घर बेटी श्वेता को गिफ्ट किया



**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने कथित तौर पर मुंबई में स्थित अपना पहला भव्य बंगला 'प्रतीक्षा' अपनी बेटी श्वेता बच्चन को उपहार में दिया है। इस बंगले की कीमत 50 करोड़ रुपये है। यह बंगला बिग बी के दिल में एक खास जगह रखता है, क्योंकि यह जुहू में उनका पहला घर था, जहां वह अपने माता-पिता, हरिवंश राय बच्चन और तेजी बच्चन के साथ रहते थे।

### जेयू के छह आरोपी छात्रों के प्रवेश पर रोक

**कोलकाता।** जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के छह छात्रों को, जो इस साल संस्थान के एक नए छात्र की दुःखद मौत के मामले में आरोपी हैं, अनिश्चित काल के लिए विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। बंगाली ऑनर्स के प्रथम वर्ष के एक छात्र ने कथित तौर पर 10 अगस्त को छात्रावास की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली थी।

फिर बाधित हुआ बचाव अभियान

# सुरंग में टूटी बरमा मशीन

## बचाव अभियान तकनीकी रूप से और ज्यादा चुनौतीपूर्ण हुआ, लग सकता है समय

सिलक्यारा सुरंग मामला



■ पिछले 2 सप्ताह से फंसे हैं 41 मजदूर

**उत्तरकाशी,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए अभियान चल रहा है लेकिन इस बीत अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने शनिवार को बताया कि सुरंग में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान के 14वें दिन बरमा मशीन खराब होने से अब इस प्रक्रिया में ज्यादा समय लग सकता है क्योंकि यह ऑपरेशन तकनीकी रूप से और ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है।

**अब धैर्य की जरूरत है**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन ने कहा कि अब धैर्य की जरूरत है क्योंकि बचावकर्मियों को किसी दबाव में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थिति युद्ध जैसी है और ऑपरेशन को लेकर भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है।

**प्रार्थनाओं का दौर जारी**

मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए भगवान से प्रार्थनाओं का दौर जारी है। शनिवार सुबह हरिद्वार में इंटरनेशनल क्लब इनरव्हील से जुड़ी हरिद्वार की तमाम महिलाओं ने गंगा किनारे पूजा-अर्चना कर सभी लोगों के सकुशल बाहर निकलने की प्रार्थना की। हरिद्वार की हरकी पैड़ी पर इकट्ठा हुईं सभी महिलाओं ने कहा कि 14 दिन बहुत होते हैं। सभी के परिवार अपनों के निकलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बचाव अभियान में अमेरिकन मशीन से ड्रिलिंग कार्य बंद हो चुका है। शुक्रवार शाम ड्रिलिंग करते हुए मशीन टूट गई, जिसके बाद ऑगर से अब और ड्रिलिंग नहीं की जा सकती है। अब मैनुअल ड्रिलिंग के जरिए रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम देने की कोशिश भी की जा रही है। इसके अलावा वर्टिकल ड्रिलिंग पर भी जोर दिया जा रहा है।

### कांग्रेस से खड़े किए सवाल

देहरादून। उत्तरकाशी सिलक्यारा में 14 दिन से टनल में फंसे मजदूरों को निकालने की लगातार कोशिश की जा रही है। हर दिन मजदूरों के सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में कोई न कोई बाधा आ जाती है। जिसके कारण अभी तक टनल में फंसे मजदूरों को नहीं निकाला जा सका है। वहीं, टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने में हो रही देरी के मामले पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। मामले में कांग्रेस ने बीजेपी सरकार और सिस्टम पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने बाकायदा इसके लिए एक पोस्टर भी जारी किया है।

### वर्टिकल ड्रिलिंग शुरू की जाएगी

रिपोर्ट के मुताबिक, बचाव अभियान में ऑगर (बरमा) मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है जो मलबे के बीच से ड्रिलिंग कर रही है लेकिन रास्ते में धातु बाधा आने पर इसका काम रुक जाता है। इस बीच कई बार बरमा मशीन में खराबी का सामना करना पड़ा है। बचावकर्मी अब बरमा मशीन को निकाल रहे हैं। इसके बाहर आने पर मैन्युअल ड्रिलिंग और वर्टिकल ड्रिलिंग शुरू की जाएगी। फिलहाल मुख्यमंत्री धामी एक बार फिर टनल पर पहुंचे हैं। उन्होंने वर्टिकल ड्रिल पर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी विशेषज्ञों की सलाह से आगे के एक्शन पर फैसला लिया जाएगा। एनडीएमए सदस्य ने कहा कि फिलहाल 47 मीटर की खुदाई हो चुकी है, उसे स्थिर रखना है और बरमा मशीन का टूटा हुआ हिस्सा हटाना है।

# सौम्या विश्वनाथन हत्या मामले में 4 को उम्रकैद

■ पांचवें दोषी को 3 साल जेल की सजा सुनाई

■ घर लौटते समय पत्रकार को मारी थी गोली



सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन भी रही मौजूद

**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। पत्रकार सौम्या विश्वनाथन मर्डर केस में दिल्ली कोर्ट ने 15 साल बाद शनिवार को दोषियों को सजा सुनाई। साकेत कोर्ट ने कहा कि अपराध रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस की कैटेगरी में नहीं आता, इसलिए मौत की सजा की अपील खारिज की जाती है। ट्रायल जस्टिस रविंद्र कुमार पांडे ने चार दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है, जबकि पांचवें दोषी अजय सेठी को 3 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 1.25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इससे पहले 18 अक्टूबर को कोर्ट ने 5 आरोपियों रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार, अजय सेठी और बलजीत मलिक को दोषी करार दिया था। इन पर मकोका लगाया गया था।

उधर, फैसले के बाद सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन ने कहा- मैं चाहती थी कि जो मैं झेल रही हूं, वे भी जिंदगी भर वही सब झेलें। मैं संतुष्ट हूं, लेकिन यह नहीं कहूंगी कि मैं खुश हूं। 25 साल की सौम्या विश्वनाथन हेडलाइंस टुडे की पत्रकार थीं। 30 सितंबर 2008 की सुबह दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। वे ऑफिस से अपनी कार से घर आ रही थीं। पुलिस ने दावा किया था कि हत्या के पीछे का मकसद लूटपाट था। हत्या के पांचों दोषी मार्च 2009 से हिरासत में हैं।

टीएमसी सांसद की बढ़ सकती है मुश्किलें

# महुआ मोइत्रा मामले में सीबीआई जांच शुरू

## आचार समिति भी कर चुकी है निष्कासित करने की सिफारिश



**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा में पैसा लेकर सवाल पूछने आरोपों से घिरी टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के मामले में सीबीआई ने लोकपाल के निर्देश पर प्रारम्भिक जांच शुरू कर दी है।?

माना जा रहा है कि इस मामले में अब महुआ की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फिलहाल प्रारम्भिक जांच में एजेंसी पहले यह सुनिश्चत करेगी कि आरोप जांच के योग्य है अथवा नहीं। अगर इस जांच में सीबीआई को पर्याप्त साक्ष्य मिल जाते हैं तों वह महुआ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच आगे बढ़ा सकती है।

मालूम हो कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत के आधार पर मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई जांच की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिन्होंने टीएमसी सांसद पर संसद में सवाल पूछने के बदले एक कारोबारी से पैसा लेने का आरोप लगाया था।

### संसद सदस्यता भी हो सकती है समाप्त

इस मामले में लोकसभा आचार समिति ने पहले ही महुआ मोइत्रा को दोषी मानते हुए निचले सदन सदन से निष्कासित करने की अपनी सिफारिश लोकसभा अध्यक्ष के पास भेज दी है। माना जा रहा है कि 4 दिसम्बर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में यह प्रस्ताव लोकसभा में रखा जा सकता है। सदन सहमत हुआ तो टीएमसी सांसद की सदस्यता खत्म हो सकती है।

# राजस्थान में 73 फीसदी से अधिक मतदान

## निर्वाचन आयोग के अनुसान शनिवार रात 11 बजे तक 73.28 फीसदी मतदान हुआ



■ सर्वाधिक 76.57 प्रतिशत मतदान जैसलमेर में हुआ
■ सबसे कम 60.71 प्रतिशत पाली जिले में दर्ज किया

**जयपुर,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान की 199 विधानसभा सीटों पर शनिवार शाम 6 बजे मतदान सपन्न हो गया। 11 बजे तक के आंकड़े में 73 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के अनुसार रात 11 बजे तक प्रदेश में 73.28 फीसदी मतदान हुआ है। कई जगह झड़प और बवाल हुआ। बूथ कैप्चर किया गया। मतगणना 3 दिसंबर को होगी। सर्वाधिक 76.57 प्रतिशत मतदान जैसलमेर जिले में हुआ, जबकि सबसे कम 60.71 प्रतिशत पाली जिले में दर्ज किया गया।

**भरतपुर जिले की कामां व नगर में विवाद**

भरतपुर जिले की कामां और नगर विधानसभा क्षेत्र में विवाद हुआ। नगर विधानसभा क्षेत्र के सुकेत गांव में राजकीय प्राथमिक स्कूल के बूथ पर हंगामा कर दिया। यहां एक व्यक्ति दीवार फांदकर बूथ में घुस गया और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से मारपीट शुरू कर दी। उसने वीवीपैट में तोड़फोड़ की। हंगामे की वजह से करीब 30 मिनट तक मतदान बंद रहा। धौलपुर जिले के बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में खुले का पूरा गांव में बूथ कैप्चरिंग करने की कोशिश की गई। यहां लोगों की फ्लाइंग स्क्वॉड के मजिस्ट्रेट हरिओम सिरवार से झड़प हो गई। गाड़ी में तोड़फोड़ कर ड्राइवर से मारपीट की। कैमरामैन का कैमरा और फोन छीनकर ले गए। इसके बाद गांव के दो पक्षों के बीच फायरिंग और पत्थरबाजी हुई। घटना में मजिस्ट्रेट के ड्राइवर सहित तीन लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के रजई कला गांव में भी फायरिंग का मामला सामने आया। कंचनपुर के एक मतदान केंद्र पर बसपा प्रत्याशी जसवंत गुर्जर और भाजपा कैंडिडेट गिर्राज मलिंगा के समर्थक आमने-सामने हो गए। वहीं अब्दुलपुर गांव में दो पक्ष आपस में भिड़ गए और पथराव कर दिया।

**फतेहपुर शेखावाटी में दो गुटों में झगड़ा**

सीकर के फतेहपुर शेखावाटी में दो गुटों में झगड़ा हो गया। दोनों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। घटना बोचीवाल भवन के पीछे बूथ संख्या 128 से 200 मीटर दूर मोहल्ले में हुई। पथराव में एक कॉन्स्टेबल समेत 3 लोग घायल हो गए। चूरू के सरदारशहर के एक बूथ पर कांग्रेस-भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प भी हुई है।

तेलंगाना में प्रचार के लिए जुटे दिग्गज

# मोदी के दो यार, ओवैसी व केसीआर : राहुल



तेलंगाना में मोदी ने भी इंडिया गठबंधन को घेरा

**हैदराबाद,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस सनेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में आदिलाबाद जिले में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के दो यार हैं। एक ओवैसी और एक केसीआर हैं। केसीआर चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी दिल्ली में प्रधानमंत्री रहें। वहीं, नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि केसीआर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रहें। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तेलंगाना के कामारेड्डी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन और बीआरएस पार्टी पर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि भले ही टीआरएस ने अपना नाम बदलकर बीआरएस कर लिया और यूपीए ने अपना नाम बदलकर इंडिया गठबंधन कर लिया, लेकिन इससे उनका भ्रष्टाचार और कुशासन का इतिहास नहीं बदलेगा।

### राहुल के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

■ राहुल गांधी पर हो तत्काल कार्रवाई

राहुल गांधी बनाम भाजपा की लड़ाई गहराती जा रही है। अब राहुल के एक सोशल मीडिया पोस्ट को लकर भाजपा ने चुनाव आयोग में औपचारिक शिकायत दर्ज करा, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के कथित उल्लंघन का हवाला देते हुए उन पर तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग की है। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा है कि राहुल के एक्स पर किए एक पोस्ट जिसमें स्वास्थ्य सेवा,गैस सब्सिडी, कृषि ऋण राहत,अंग्रेजी शिक्षा,ओबीसी आरक्षण से संबंधित वादे के साथ ही राजस्थान में चल रही मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया था,वह 48 घांटे की मौन क्षेत्र सीमा का उल्लंघन है।

# कोच्चि यूनिवर्सिटी में मची भगदड़, 4 की मौत



■ मृतकों में दो लड़कियां और दो लड़के शामिल
■ ध्वनि बानुशाली दे रही थीं अपनी प्रर्दशनी

**कोच्चि,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। कोच्चि यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में चल रहे टेक फेस्ट के दौरान भगदड़ मचने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 46 लोगों के घायल हो गए. घटना उस समय हुई, जब टेक फेस्ट में गीत समारोह चल रहा था।

मृतकों में दो लड़कियां और दो लड़के शामिल हैं। मृतक की पहचान अभी तक सामने नहीं आई है. गौरतलब है कि यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग कॉलेज में 2000 से अधिक छात्र पढ़ते हैं। यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय टेक फेस्ट का आयोजन किया गया था और आज इसका आखिरी दिन था। यह हादसा तब हुआ जब गायिका निकिता गांधी व ध्वनि भानुशाली परफॉर्म कर रही थीं। हादसे को लेकर केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि घायलों को इलाज के लिए कलामासेरी मेडिकल कॉलेज में व्यवस्था की गई है। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई. मृतकों में दो लड़के और दो लड़कियां हैं।

# पॉक्सो केस बंद करने पर 11 जनवरी को फैसला लेगी अदालत

बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामला

**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक नाबालिग पहलवान द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली पुलिस की रद्दीकरण रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या नहीं, इस पर आदेश की घोषणा 11 जनवरी 2024 तक के लिए टाल दी है। पटियाला हाउस कोर्ट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) छवि कपूर ने यह कहकर मामले को स्थगित कर दिया कि आदेश तैयार नहीं है। पुलिस की रद्दीकरण रिपोर्ट 15 जून को दायर की गई थी, और पिछली सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा इसका विरोध नहीं किया गया था।

विरोध | संयुक्त किसान मोर्चा व सेंट्रल ट्रेड यूनियन ने किया आह्वान

# देशभर में किसान मजदूरों का आज से विरोध प्रदर्शन

■ दिल्ली एनसीआर के किसान मजदूर 28 को जंतर मंत्र पहुंचेंगे

**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। 26-28 नवंबर तक देशभर के राज्यों की राजधानी में किसान और मज़दूर साझा महापड़ाव डालेंगे। इस महापड़ाव का आह्वान संयुक्त किसान मोर्चा और सेंट्रल ट्रेड यूनियन के सांझे मच ने किया है। दिल्ली में मजदूर संगठन संयुक्त रूप से शुरआती दो दिन 26 और 27 नवंबर को दिल्ली के राज्यपाल के ऑफिस के बाहर मंहापड़ाव डालेंगे, जबकि 28 तारीख को दिल्ली एनसीआर के मज़दूर किसान संसद के पास जंतर मंत्र पर महापड़ाव डालेंगे।

26 अक्टूबर को दिल्ली में सेंट्रल ट्रेड यूनियन के संयुक्त मंच और संयुक्त किसान मोर्चा ने एक आयोजन इसे लेकर फैसला किया था। सभी ने देश की राजधानी में तीन दिन के साझे महापड़ाव को सफल बनाने और इस दौरान उठाने वाले मुद्दों पर अपनी बात रखी। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों ने सांझा अभियान भी चलाए। इस दौरान उन्होंने पर्चा वितरण किया और लोगों से दिल्ली के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील भी जारी की है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि पूरे देश में मजदूर किसान 26 से 28 नवंबर तक देश के सभी राज्यों के माननीय राज्यपाल महोदयों के कार्यालय पर 3 दिन का महा पड़ावकरने जा रहे हैं उन्होंने कहा कि महापड़ाव के अंतिम दिन 28 नवंबर 2023 को प्रात: 10: 00 बजे से जंतर मंतर नई दिल्ली पर बड़ा प्रदर्शन करेंगे जिसमें नोएडा ग्रेटर नोएडा से बड़ी संख्या में मजदूर किसान हिस्सेदारी करेंगे। उन्होंने मजदूरों किसानो एवं आम जन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए सभी से उक्त कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील किया। संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के नेताओ ने बताया की दिल्ली किसान आंदोलन के बाद केंद्र सरकार ने अन्य लंबित मुद्दों जिसमे एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी देने ,बिजली संशोधन कानून 2022 की वापसी, लखीमपुर खीरी के शहीद किसानों को न्याय देने का आश्वाशन दिया लेकिन केंद्र सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात करते हुए किसानों को धोखा देने का काम किया है।

# देश

**उवाच**



"केंद्र की अग्निवीर योजना के तहत 18 साल का युवा सेना में भर्ती होता है और 22 साल की उम्र में उसे घर लौटा दिया जाएगा, न पेंशन मिलेगी और न ही कोई सुविधाएं प्रदान की जाएगी।"

–भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.0 | 15.0 |
| मुंबई | 33.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 26.0 | 18.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 26.0 |

# राजस्थान के भाग्य पर मतदाताओं ने लगाई मुहर

**जयपुर,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में शनिवार को मतदान के लिए पूरा प्रदेश एकजुट हुआ। प्रदेश में 199 सीटों पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू

- **नव मतदाताओं में पहला वोट देने पहुंचीं महिला मतदाताओं में दिखा विशेष उत्साह**
- **प्रदेश में 199 सीटों पर 5.25 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने डाला वोट**

हुआ। इस चुनाव में प्रदेश के 5.25 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया है। नव मतदाताओं में पहला वोट देने पहुंचीं महिला मतदाताओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस दौरान आम जनता के साथ ही अलग-अलग पार्टियों के नेता भी मताधिकार का इस्तेमाल करने पहुंचे।

### परिवार के संग गहलोत ने किया मतदान

जोधपुर में सीएम अशोक गहलोत ने परिवार के साथ डाला वोट। वहीं, गहलोत ने दावा किया कि यह चुनाव मोदी का नहीं है, यह विधानसभा चुनाव है। आज के बाद ये दिल्ली वाले सब गायब हो जाएंगे, हम पांच साल यहीं रहेंगे। गहलोत सरदारपुरा विधानसभा सीट पर वोट डालने के बाद बोले, पूरा मामला अंडर करंट चल रहा है। राजस्थान चुनाव में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने अपना



वोट डाला। उसके बात मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि यहां पर मेरी कई हफ्तों से भागदौड़ जारी है। इसलिए वोटिंग खत्म होने के बाद सबसे पहले एक रात चैन से नींद पूरी करूंगा। राजस्थान के चुनावी रण में वसुंधरा राजे ने भी अपने मत का उपयोग किया। झालरापाटन सीट से भाजपा प्रत्याशी राजे ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित बूथ पर अपना वोट डाला। इस दौरान उनके साथ उनके पौत्र विनय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने पहली बार वोट डालकर लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाई है। राजे ने सभी से मतदान के इस पर्व में भागीदारी निभाने की अपील की है। वहीं सांसद और विधायक प्रत्याशी दीया कुमारी ने मतदान किया। वोट डालने के बाद दीया कुमारी पंहुची झोटवाड़ा स्थित श्री गणेश मंदिर।

### मतदान से पहले दंडवत हुए किरोड़ीलाल मीणा

किरोड़ीलाल मीणा ने मतदान से पहले मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने कहा कि आज देश, धर्म और संस्कृति को बचाने



के लिए पूर्ण प्रतिबद्ध होकर मतदान करने का दिन है। देश को बचाने व बढ़ाने के लिए उन सब घटनाओं को याद रखना है, जिनसे राजस्थान शर्मसार (महिलाओं पर अत्याचार, बेरोजगार युवाओं की मेहनत पर पेपर लीक करा कर डाका डाला, पुजारियों को जलाकर हत्या और दलितों पर अत्याचार) हुआ है। आज आपका दिया वोट सनातन और बेरोजगार युवाओं की सुरक्षा के साथ ही धार्मिक तुष्टीकरण की संकुचित राजनीति पर गहरी चोट करेगा।

सीपी जोशी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने हनुमान जी के दर्शन और आशीर्वाद के बाद चित्तौड़गढ़ में सामुदायिक भवन, मधुबन सेती के मतदान केंद्र पर अपना वोट किया। प्रदेश के सभी मतदाताओं से आग्रह किया, राजस्थान में सुशासन की सरकार लाने और बेहतर भविष्य के लिए लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपना वोट अवश्य दें और परिजन तथा मित्रों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को मतदान दिवस पर सपरिवार मतदान किया। शेखावत ने अपनी धर्मपत्नी नोनद कंवर के साथ सुबह 8.45 बजे रातानाड़ा मोहनपुरा पुलिया स्थित न्यू गर्वनमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मतदान केन्द्र पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ बूथ संख्या 83 पर मतदान किया। बड़ी बेटी सुहासिनी शेखावत और छोटी बेटी सुरंगमा ने भी मतदान किया।

## कोटा में दिव्यांग मतदाताओं के लिए बनाया गया अनोखा बूथ

**कोटा।** राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के तहत कोटा के नयापुरा इलाके में दिव्यांग मतदाताओं के लिए एक अनोखा मतदान केंद्र बनाया गया है। इस बूथ पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए न केवल विशेष व्यवस्था की गई है बल्कि मतदान कराने वाले अधिकतर दिव्यांग कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। इसके अलावा मतदान केंद्र को फूलों के गुलदस्ते और गुब्बारों से विशेष रूप से सजाया गया। दिव्यांग मतदाताओं को वोट डालने में कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था भी की गई। स्थानीय प्रशासन के द्वारा मतदान को बढ़ाने के लिए अलग-अलग तरीकों से बूथ को डिजाइन किया गया। इसके तहत दिव्यांग मतदाताओं के लिए कुछ ऐसे बूथ डिजाइन किए गए जहां पर उन्हें मतदान करने में कोई परेशानी नहीं हो। कोटा के सिविल लाइंस स्थित एग्रीकल्चर कार्यालय में बनाए गए दिव्यांग बूथ पर रैम्प



डिजाइन किया गया ताकि दिव्यांग मतदाता व्हीलचेयर के जरिए सीधे ईवीएम तक पहुंच सकें। इसके अलावा बूथों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए और दिव्यांग मित्रों की ड्यूटी लगाई गई। वहीं, अंटाघर चौराहा स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल में महिला शक्ति मतदान केंद्र बनाया गया है। जहां पर महिलाओं की अधिक संख्या देखने को मिली। यहां सुरक्षाकर्मी के तौर पर भी महिला सुरक्षा कर्मी लगाए गए हैं। सिविल लाइन में ही एक मतदान केंद्र दिव्यांगों के लिए बनाया गया है। इसके अलावा ग्रीन पोलिंग बूथ बनाया गया, जहां पर मतदाताओं को पौधे दिए गए इसके साथ ही पहली बार कोटा में 33 ट्रांसजेंडर ने भी मतदान किया। मतदान केंद्र पर सुबह करीब 1 घंटा ईवीएम मशीन खराब रही। जिसके कारण मतदान देरी से शुरू हुआ और मतदाताओं को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा कोटा जिले की 6 विधानसभा सीटों पर सुबह से ही मतदान हुआ।

## राजस्थान में लगातार तीसरी बार 200 नहीं, 199 सीटों पर हुआ मतदान



**जयपुर।** राजस्थान में 200 सीटों वाली विधानसभा की 199 सीटों पर शनिवार को वोट डाले गए। श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था। हालांकि, राजस्थान में पिछले तीन विधानसभा चुनाव 199 सीटों पर ही हुए हैं और एक सीट पर चुनाव बाद के लिए टाला गया है। दरअसल, 14 नवम्बर को राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस के उम्मीदवार गुरमीत सिंह कुन्नर का निधन हो गया। दिल्ली के एम्स अस्पताल में गुरमीत का निधन हुआ। 75 साल के गुरमीत सिंह कुन्नर को दिल्ली एम्स में 12 नवम्बर को भर्ती कराया गया था। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस नेता काफी समय से बीमार चल रहे थे। बता दें कि गुरमीत श्रीकरणपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के मौजूदा विधायक और प्रत्याशी थे। वहीं चुनाव से पहले प्रत्याशी के निधन के कारण इस सीट का चुनाव स्थगित हो गया। अब चुनाव आयोग इस सीट पर उप-चुनाव कराएगा, जिसके लिए अभी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। राजस्थान में पिछला विधानसभा चुनाव 7 दिसंबर 2018 को कराया गया था। यह चुनाव भी 200 की बजाय 199 सीटों पर संपन्न हो सका था। दरअसल, चुनाव से पहले 29 नवम्बर को अलवर जिले की रामगढ़ विधानसभा सीट पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। इस वजह से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 52 की उप-धारा (1) (सी) के प्रावधानों के तहत रामगढ़ सीट के रिटर्निंग अधिकारी ने मतदान को बाद में अधिसूचित होने वाली तारीख तक स्थगित कर दिया। वहीं, धारा 52 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने 28 जनवरी 2019 को यहां उप-चुनाव कराया था। उप-चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने अलवर की रामगढ़ विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। इसके साथ ही 200 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस के पास 100 सीटों के साथ पर्याप्त बहुमत हो गई थी। रामगढ़ सीट के लिए उप-चुनाव 28 जनवरी 2019 को हुआ।



## एक परिवार के 48 सदस्यों ने एक साथ डाला वोट

**जयपुर,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह साफ दिखाई दिया। कई ऐसी तस्वीरें आईं जिसमें लोकतंत्र के पर्व की ताकत दिखा दी। जयपुर में एक परिवार ने मतदान के पर्व को बड़े ही उत्साह से मनाया। परिवार के 48 सदस्य ढोल-नगाड़े की थाप पर नाचते हुए वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ पर पहुंचे। परिवार के सदस्यों की कतार इतनी लंबी थी कि सभी एक तस्वीर में भी कैद नहीं हो सके। टोंक जिले की निवाई विधानसभा क्षेत्र में 113 साल की बुजुर्ग अम्मा भूली देवी ने वोट देकर नई सरकार चुनने में अपनी भागीदारी दी। वहीं, जयपुर के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 87 साल के आनंद प्रकाश आहूजा ने वोट दिया। इस दौरान स्काउट गाइड के वॉलंटियर्स उनकी मदद करते नजर आए। जयपुर में ब्यूटी पेजेंट प्राइड मिस राजस्थान की विनर रहीं भवलीन कौर ने पहली बार मतदान किया। मिसेज इंडिया श्वेता मेहता मोदी ने भी मतदान कर लोगों से वोट देने की अपील की। जयपुर जिले के हवामहल विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले भगवान सहाय गुर्जर की तबीयत खराब थी। वे चलने में असमर्थ थे। ऐसे में परिजन उन्हें खाट पर लेकर मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान कराया।

**ढोल-नगाड़े की थाप पर नाचते हुए पहुंचे मतदान केंद्र**

### 90 साल की माधवी देवी ने भी किया मतदान

जयपुर की सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में 90 साल की माधवी देवी ने मतदान किया। वे अपने बेटे के साथ वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंचीं थीं। श्रीमाधोपुर के बूथ संख्या 119 पर दुल्हन दीक्षा को घर ले जाने से पहले गाड़ी रोक कर दूल्हे सौरभ पंसारी ने पहली बार मतदान किया। सौरभ दुल्हन दीक्षा को जयपुर से लेकर श्रीमाधोपुर पहुंचे थे। सौरभ इंडियन ऑयल कंपनी में कार्यरत हैं। बांसवाड़ा के चौरासी विधानसभा क्षेत्र का सलाखड़ी गांव गुजरात के कडाणा बांध के बैक वाटर टापू पर स्थित है। इस गांव में 92 वोटर्स हैं। टापू पर बसे गांव के लोगों का मतदान केंद्र बैक वाटर के किनारे पर है। गांव के मतदाता नाव में बैठकर मतदान केंद्र तक पहुंच रहे हैं। बीकानेर के खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड तीन में दृष्टिहीन पेमाराम बावरी सबसे पहले वोटिंग करने वालों में रहे। पेमाराम का पैर भी खराब है। इसके बाद भी पैदल वोट देने पहुंचे। झालावाड़ शहर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी रुखसार ने पहली बार मतदान किया। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित बूथ संख्या 32 में वोट डाला। रुखसार की शनिवार को ही शादी है।

**सार संक्षेप**

### हैदराबाद एक स्मारक पट्टिका का विमोचन करेंगे मोदी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1945 में श्री रामचंद्र मिशन की स्थापना करने वाले और बाबूजी के नाम से मशहूर शाहजहांपुर के रामचंद्र जी महाराज की 125वीं जयंती के अवसर पर रविवार को हैदराबद एक स्मारक पट्टिका का विमोचन करेंगे। प्रधानमंत्री का हैदराबाद शहर के बाहरी इलाके में स्थित श्री रामचंद्र मिशन और हार्टफुलनेस का वैश्विक मुख्यालय कान्हा शांति वनम जाने का कार्यक्रम है। वह कान्हा शांति वनम में सुविधा केंद्र का एक निर्देशित दौरा भी करेंगे। पिछले 78 वर्षों से, रामचंद्र मिशन वैश्विक समुदाय को ध्यान की शिक्षा मुफ्त में प्रदान कर रहा है।

### मोदी को खुद भी मीठा बोलना चाहिए : भूपेश

**नई दिल्ली।** राजनीतिक सरगर्मियों और सियासी बयानबाजी के बीच छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मोदी और भाजपा नेताओं के बयानों पर सवाल खड़े किए। राहुल गांधी को निर्वाचन आयोग की तरफ से भेजे गए नोटिस पर एक सवाल के जवाब में कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने कहा कि जब मूर्खों का सरदार जैसे बयान दिए जाते हैं, तो किसी को बुरा नहीं लगता। उन्होंने पीएम मोदी को मीठा बोलने की नसीहत दी और कहा कि जो उन्हें खुद के लिए पसंद नहीं, वैसे शब्दों का इस्तेमाल दूसरों के लिए भी नहीं किया जाना चाहिए।

### तेलंगाना में शहीदों की आकांक्षाएं अधूरी : शाह

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार के कार्यकाल में राज्य के लोगों की अधूरी आकांक्षाओं पर चिंता व्यक्त की। शाह ने यहां संवाददाताओं से तेलंगाना के लोगों की कड़ी मेहनत के बावजूद प्रदेश के स्वाभिमान एवं सुभिक्षा तेलंगाना के आदर्शों और यहां के शहीदों की आकांक्षाएं अधूरी हैं। उन्होंने युवाओं, दलितों और पिछड़े समुदायों के बीच व्याप्त असंतोष पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मतदाताओं से 30 नवम्बर को भाजपा को अपना भरपूर समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने तेलंगाना और राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में मतदाताओं की भूमिका पर जोर दिया तथा सकारात्मक परिवर्तन के लिए उनसे भाजपा को मौका देने के लिए पर विचार करने का आग्रह किया।

## मप्र में आदिवासियों के साथ पर बनेगी सरकार!

**भोपाल,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुका है। अब दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस में अपनी संभावनाओं की समीक्षा की जा रही है। सबसे ज्यादा नजर आदिवासी वोट बैंक पर है क्योंकि इस वर्ग के लिए आरक्षित विधानसभा सीटों पर जिसने जीत हासिल की, उसके हाथ में सत्ता आई। पिछले तीन चुनाव तो यही कहानी कह रहे हैं। राज्य की 230 विधानसभा सीटों में से आदिवासी वर्ग के लिए 47 सीटें आरक्षित है और इन सीटों की हार-जीत राज्य की सियासत में बड़ा बदलाव ला देती है। जिस भी राजनीतिक दल को इन सीटों में से ज्यादा पर जीत हासिल हुई, उसे सत्ता नसीब हुई है, इतना ही नहीं लगभग हर चुनाव में यहां मतदाताओं का रूख भी बदलता नजर आता है। राज्य की इन 47 सीटों की समीक्षा की जाए तो एक बात साफ हो जाती है कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में इन सीटों में से 30 पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी।

- **संभावनाओं की समीक्षा में जुटे राजनीतिक दल**

## भाजपा के खिलाफ माकपा की राष्ट्रव्यापी लड़ाई : येचुरी

**हैदराबाद,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने शनिवार को कहा कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए उनकी पार्टी प्रतिबद्ध है। येचुरी ने शनिवार को हैदराबाद में मीडिया से बातचीत के दौरान देशभर में युवाओं के बीच बेरोजगारी के ज्वलंत मुद्दे पर प्रकाश डाला और पांच राज्यों के चुनावों में भाजपा के सामने आने वाली चुनौतीपूर्ण

- **देशभर में बेरोजगारी के ज्वलंत मुद्दे पर डाला प्रकाश**



**भाजपा ने प्रमुख संस्थानों पर अपना प्रभाव डाला है : सीताराम येचुरी**

स्थिति के बारे में बात की। उन्होंने मध्य प्रदेश में भाजपा की शक्ति पर संदेह व्यक्त किया, यह सुझाव दिया कि वास्तविक परिणाम कथित शक्ति के अनुरूप नहीं आ सकते हैं। येचुरी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने प्रमुख संस्थानों पर अपना प्रभाव डाला है और उच्चतम न्यायालय, चुनाव आयोग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को कथित रूप से बंदी बनाने के लिए पार्टी की आलोचना की। उन्होंने भाजपा के खिलाफ एकजुट होने के अपने पहले के वादे के बावजूद अकेले चुनाव लड़ने के लिए मुख्यमंत्री केसीआर की आलोचना की और कहा कि अगर त्रिशंकु स्थिति उत्पन्न होती है तो माकपा कांग्रेस का समर्थन करेगी, क्योंकि वे पहले से ही भारत गठबंधन का हिस्सा हैं।

### उत्तराखंड सुरंग घटना में जवाबदेही की कमी पर उठाए सवाल

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी ने भाजपा पर बिना किसी जिम्मेदारी के शासन चलाने का आरोप लगाया और उत्तराखंड सुरंग घटना में जवाबदेही की कमी पर सवाल उठाते हुए घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर जवाब मांगा। येचुरी ने प्रधानमंत्री मोदी पर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और नोटिस जारी करने में चुनाव आयोग के विफल होने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में माकपा अकेले खड़ी है इसके बावजूद कांग्रेस को नुकसान नहीं होने का भरोसा है।

## तेलंगाना में रायतु बंधु राशि का होगा वितरण




- **चुनाव आयोग ने फसल निवेश वित्तीय सहायता जारी करने को दी मंजूरी**

**हैदराबाद,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के किसानों को रायथु बंधु योजना के तहत राशि वितरण तुरंत किया जा सकेगा। तेलंगाना के करीब 1.74 करोड़ किसानों को चुनाव आयोग की अनुमति के बाद करीब सोलह हजार करोड़ रूपए का वितरण शीघ्र होगा। बीआरएस पार्टी को रायतु बंधु राशि वितरण का भारी लाभ विधान सभा चुनाव में मिलेगा। चुनाव आयोग ने राशि वितरण की अनुमति दे दी है। राज्य कृषि विभाग ने एक बयान में कहा कि चुनाव आयोग ने यासांगी सीजन के लिए रायथुबंधु फसल निवेश वित्तीय सहायता जारी करने को मंजूरी दे दी है। हर साल, जैसे ही मानसून का मौसम और यासंगी का मौसम शुरू होता है, तेलंगाना राज्य सरकार किसानों को फसल निवेश के लिए वित्तीय सहायता के रूप में रायथुबंधु फंड जारी करती है।

### 70 लाख किसानों को होगा लाभ

राज्य कृषि विभाग के अनुसार, रायथु बंधु के माध्यम से इस यासांगी सीजन में 70 लाख किसानों को लाभ होगा। राज्य कृषि विभाग ने कहा कि इस यासांगी सीजन से संबंधित रायथुबंधु को छोटे भूमि क्षेत्र वाले किसानों को वितरित करने की प्रक्रिया पहले शुरू की जाएगी। इस महीने की 25, 26 और 27 तारीख को बैंकों में छुट्टियां हैं। साथ ही, चुनाव आयोग ने इस महीने की 29 और 30 तारीख को रायथुबंधु के वितरण की अनुमति नहीं दी है। तदनुसार, डीबीटी पद्धति के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में रायथु बंधु निवेश वित्तीय सहायता को सीधे जमा करने के लिए धनराशि जारी की जाएगी।

## तेलंगाना में बदलाव की मांग कर रही जनता : शिवकुमार

**हैदराबाद,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि तेलंगाना के लोग भारत राष्ट्र समिति के शासन से परेशान हैं और राज्य में बदलाव की आकांक्षा रखते हैं। शिवकुमार ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हैदराबाद और बेंगलुरु को देश का जुड़वां राज्य माना जाता है। हैदराबाद के विकास का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्रियों एन चंद्रबाबू नायडू और वाई एस राजशेखर रेड्डी को दिया जाता है। शिवकुमार ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में अपने चुनावी वादे पूरे कर रही है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक चुनाव में घोषित पांच गारंटी लागू हो चुकी हैं। उन्होंने तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनने का भरोसा जताते हुए छह गारंटी लागू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) और मंत्री केटीआर से स्थिति को समझने के लिए कर्नाटक का दौरा करने का आग्रह किया। शिवकुमार ने कहा है कि प्रत्येक राज्य की अलग-अलग आवश्यकताएं हैं और उनकी योजनाएं प्रत्येक राज्य में लोगों की जरूरतों के अनुरूप हैं।

## राजस्थान विस चुनाव में लंदन से वोट डालने आए मतदाता

**जयपुर,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में विकास करने के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। लोगों ने बढ़-चढ़कर वोट डाला और चाहते हैं कि राजस्थान में ऐसी सरकार बने जो राज्य का विकास करे और लोगों के लिए सुख सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाए। कृष्ण कुमार गोयल पेशे से मैनेजमेंट अकाउंटेंट हैं और रोजगार के लिए लंदन में रहते हैं लेकिन जब उन्हें पता चला कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, तो वोट डालने के लिए वह अपनी पत्नी नम्रता अग्रवाल के साथ जयपुर आ गए। कृष्ण कुमार गोयल ने कहा कि वे युवा हैं और अपने वोट का महत्व समझते हैं। वे चाहते हैं कि राजस्थान में ऐसी सरकार बने जो रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए। उनके जैसे युवाओं को



- **लंदन-पेरिस की तर्ज पर जयपुर के विकास की जगी आस**

रोजगार के लिए दूसरी जगह पर न जाना पड़े। वह चाहते हैं कि जयपुर का विकास भी लंदन-पेरिस की तर्ज पर हो और यहां भी वे हर सुख सुविधाएं मौजूद हों, जो दुनिया के किसी भी कोने में हैं। उनका कहना है कि राज्य में युवाओं में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यदि उचित अवसर उपलब्ध कराया जाए तो यहां की युवा बेहतर विकास करके दिखा सकते हैं।

**सर्वे** *राजस्थान विधानसभा चुनाव में ढूंढाड़ रहा सत्ता का केंद्र*

## ढूंढाड़ ने राज्य को दो मुख्यमंत्रियों के साथ दिए कई बड़े क्षत्रप

**जयपुर, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनाव में ढूंढाड़ को सत्ता का केंद्र माना जाता है। इस क्षेत्र ने राज्य को दो मुख्यमंत्रियों (हीरा लाल शास्त्री और टीका राम पालीवाल) के साथ कई बड़े क्षत्रप भी दिए हैं। ढूंढाड़ में जयपुर, दौसा, टोंक और सवाई माधोपुर जिले आते हैं। इस क्षेत्र में 32 विधानसभा सीटे हैं।**

ढूंढाड़ में जातिगत समीकरण भी बहुत ज्यादा प्रभाव रखते हैं। यहां का शहरी इलाका भाजपा का गढ़ रहा है। खास तौर पर जयपुर में आने वाली सीटों पर भाजपा की अच्छी पकड़ बनाई है। हालांकि, पिछले चुनाव में यहां कांग्रेस मजबूत रही। ढूंढाड़ में सामान्य वर्ग के बनिया, राजपूत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा के साथ रहे हैं। लेकिन, यहां की कई सीटों पर एससी/एसटी का भी दबदबा है। एसटी वर्ग के बड़े क्षत्रप किरोड़ी



- **पिछले चुनाव में कांग्रेस ने बदले समीकरण**

लाल मीणा, नमो नारायण मीना, जसकौर मीना जैसे नेता इसी क्षेत्र ने दिए हैं। इस क्षेत्र की कई सीटों पर गुर्जर समुदाय की संख्या भी अच्छी खासी है। राजनीतिक एक्सपर्ट कहते हैं कि 2018 के चुनाव में गुर्जरों ने कांग्रेस को एकतरफा वोट दिया था। यही वजह थी कि कांग्रेस ने इस क्षेत्र में जीत हासिल की। लेकिन, इस बार कांग्रेस की राह यहां आसान नहीं है। क्योंकि, सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने के कारण गुर्जर वोटर कांग्रेस से नाराज बताए जा रहे हैं। इस नाराजगी को दूर करने के लिए गहलोत और पायलट को साथ आना पड़ गया। 2008 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने यहां 11 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि कांग्रेस के खाते में 13 सीट आई थी। निर्दलीय उम्मीदवारों ने 5, बहुजन समाज पार्टी ने 2 और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने 1 सीट पर जीत दर्ज की थी। 2013 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस क्षेत्र में 28 सीटें जीतीं थी। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने दो सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि कांग्रेस और निर्दलीय को एक-एक सीट मिली थी। 2018 में चुनाव में कांग्रेस ने यहां जोरदार वापसी करते हुए 20 सीटों पर कब्जा किया, जबकि भाजपा और स्वतंत्र उम्मीदवारों को 6-6 सीट पर जीत मिली थी। हाड़ौती को भाजपा का सबसे मजबूत किला माना जाता है। ये पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत सरकार के वरिष्ठ मंत्री शांति धारीवाल का इलाका है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी इसी हड़ौती इलाके से आते हैं। हाड़ौती ने राजस्थान को दो मुख्यमंत्री भी दिए है। पूर्व सीएम भैरोसिंह शेखावत और वसुंधरा राजे। वसुंधरा राजे झालावाड़ की झालरापाटन सीट से विधायक और उनके पुत्र दुष्यंत सिंह झालावाड़ सीट से सांसद हैं। भाजपा के पूर्व सीएम भैरोसिंह शेखावत भी बारां से चुनाव लड़ चुके हैं। हाड़ौती की बात करें तो इसमें चार जिले कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ आते हैं। इन जिलों में विधानसभा की 17 सीटें हैं।

उल्टा पुल्टा

बेटा ( अपनी मां से ) : मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं।
प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी : क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं?
बेटा : नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे!!

# कैपिटल ज़ोन

# मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत 83वीं ट्रेन द्वारकाधीश रवाना

**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत शनिवार को 83वीं ट्रेन दिल्ली के बुजुर्गों को लेकर द्वारकाधीश के लिए रवाना हुई। तीर्थयात्रियों की मंगलयात्रा के लिए त्यागराज स्टेडियम में भजन संध्या का आयोजन किया, जहां उनको विदा करने के लिए स्वयं सीएम अरविंद केजरीवाल पहुंचे। तीर्थयात्री मुन्नी देवी शर्मा ने सीएम अरविंद केजरीवाल का स्वागत किया और सीएम ने सबसे बुजुर्ग तीर्थयात्री कैलाश देवी को यात्रा टिकट सौंपा। इस दौरान सीएम ने कहा कि दिल्ली की तरह अब पंजाब में भी मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना शुरू हो रही है। सोमवार को एक हजार बुजुर्गों को लेकर पहली ट्रेन रवाना होगी। जनता के आशीर्वाद से हमारी जहां पर भी सरकार बनेगी, हम वहां पर बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराएंगे। उन्होंने कहा कि इन बड़ी-बड़ी पार्टियों के पास अरबों रुपए हैं तो हमारे पास लोगों के अरबों का आशीर्वाद है। हम जनता के आशीर्वाद से ही इतनी बड़ी-बड़ी पार्टियों को हराते हैं। जनता का यह आशीर्वाद इन बड़ी-बड़ी पार्टियों से ज्यादा ताकतवर है। इस दौरान राजस्व मंत्री आतिशी समेत अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। त्यागराज स्टेडियम में आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में द्वारकाधीश जा रहे तीर्थयात्रियों से मिलने पहुंचे सीएम अरविंद केजरीवाल ने सबको यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली के बुजुर्गों को लेकर ट्रेन लगभग हर सप्ताह तीर्थयात्रा पर जा रही है।

■ बुजुर्गों को विदा करने के लिए त्यागराज स्टेडियम पहुंचे केजरीवाल



एक हजार बुजुर्गों को लेकर सोमवार को पहली ट्रेन रवाना होगी : अरविंद केजरीवाल

इसी कड़ी में आज भी एक ट्रेन 780 तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही है। इससे पहले अभी तक 82 ट्रेन यात्रियों को लेकर तीर्थ यात्रा पर जा चुकी हैं और लगभग 80 हजार तीर्थ यात्री तीर्थयात्रा करके आ चुके हैं। मेरी कोशिश रहती है कि जब भी कोई ट्रेन हमारे बुजुर्गों को लेकर तीर्थ यात्रा पर जाए तो उनको विदा करने के लिए उनसे मिलने आऊं। इसलिए आज भी मैं आप लोगों से मिलने के लिए चला आया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अक्सर तीर्थयात्रा में महिलाएं ज्यादा होती हैं।

### हम आपकी आंखों में खुशी देखना चाहते हैं : आतिशी

वहीं, इस अवसर पर मौजूद राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि भारतीय संस्कृति का हिस्सा है कि जीवन के अंतिम पड़ाव पर हमारे बुजुर्ग तीर्थ-यात्रा करते हैं और ईश्वर की भक्ति में अपना समय लगाते हैं। लेकिन बहुत से ऐसे बुजुर्ग होते हैं जो परिवार की देखरेख में व्यस्त होते हैं या फिर उनके पास तीर्थ-यात्रा पर जाने के लिए साधन नहीं होता है। इन्हीं सबका ध्यान रखते हुए दिल्ली के हर बुजुर्ग को अपना माता-पिता मानने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आप सभी को तीर्थ-यात्रा पर भेजने का इंतजाम किया है। उन्होंने कहा कि जैसे श्रवण कुमार अपने माता-पिता को तीर्थयात्रा करवाने लेकर गए, वैसे ही सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोचा कि दिल्ली में रहने वाला हर बुजुर्ग मेरे माता-पिता के समान हैं और मैं हर बुजुर्ग के लिए तीर्थ-यात्रा का इंतजाम करवाऊंगा। मुझे खुशी है कि इस दिशा में मुख्यमंत्री के प्रयास से आज 83वीं ट्रेन तीर्थ-यात्रियों को लेकर जा रही है। अबतक करीब 80 हजार बुजुर्ग अलग-अलग तीर्थ-स्थानों पर जा चुके हैं।

# निगम की आप सरकार दिल्ली में फिल्म शूटिंग को दे रही बढ़ावा

**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में फिल्म शूटिंग को बढ़ावा देने के लिए निगम की आप सरकार नीति में बड़े बदलाव करने जा रहा है। दिल्ली नगर निगम को उम्मीद है कि इस बदलाव से फिल्म निर्माता दिल्ली में शूटिंग करने के लिये आकर्षित होंगे और इससे निगम के राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होगी। फिल्म शूटिंग को बढ़ावा देने के लिए निगम ने शुल्क में भारी कमी की है। अब शूटिंग के लिए 8 घंटो के एक स्लॉट हेतु 15,000 की दर से भुगतान करना होगा वहीं 24 घंटों के लिए केवल 25000 का भुगतान जीएसटी के साथ करना होगा। इसके अतिरिक्त अनुमति हेतु एक बार प्रशासनिक प्रभार 2,000 देना होगा। वहीं दिल्ली नगर निगम फिल्म शूटिंग स्थलों पर दो सिविल डिफेंस गार्ड सहित लाइसेंस निरीक्षकों की नियुक्ति करेगा। दिल्ली को एक फिल्म शूटिंग केंद्र के रूप में विस्तारित करने के मद्देनजर फिल्म निर्माता और दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त प्रेस एवं सूचना के साथ एक रिव्यू बैठक हुई। इस बैठक में फिल्म निर्माताओं ने अपनी कुछ मांगे रखी तथा सुझाव भी दिए। फिल्म निर्माताओं की तरफ से जो सुझाव रखे गए उनमें एक दिन की शूटिंग के लिए वर्तमान दरें कम करने तथा इन्हें 8 घंटों की तीन शिफ्टों में विभाजित किए जाने का सुझाव दिया था।

■ नीति में किए जाएंगे बड़े बदलाव

# खनन मंडप में दिखा क्रिकेटर्स के साथ सेल्फी लेने का क्रेज



**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रगति मैदान में चल रहे आईआईटीएफ 2023 में वीकेंड के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मेला देखने पहुँचे। मेले समाप्त होने मे अब केवल दो दिन बचें हैं। इस बीच खनन मंडप में प्रति दिन आ रहे सेलिब्रिटीज लोगों का आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शनिवार को खनन मंडप में आए क्रिकेटर्स के साथ दशकों ने जमकर सेल्फी ली। सबसे अधिक क्रेज 1987 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के इतिहास की पहली हैट्रिक लगाने वाले पूर्व क्रिकेटर और बीसीसीआई के पूर्व प्रमुख चयनकर्ता चेतन शर्मा और 1984 एशिया कप के हीरो रहे विकेटकीपर बैटर सुरेंद्र खन्ना के साथ दिखी। दोनों क्रिकेटर्स ने दर्शकों के साथ न सिर्फ़ सेल्फी दी बल्कि हाल में समाप्त हुए विश्व कप के बारे में भी चर्चा की। गांधी स्मृति के उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री विजय गोयल ने भी खनन मंडप में लगे सभी स्टॉलों का जायजा लिया। कनेक्टिंग बियॉन्ड माइनिंग थीम के तहत इस मंडप के माध्यम से, खान मंत्रालय का लक्ष्य आम जनता को हमारे दैनिक जीवन में खनिजों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान करना है।

■ विजय गोयल ने भी खनन मंडप में लगे सभी स्टॉलों का जायजा लिया

## सार संक्षेप

### 25 लाख से अधिक राशि के संपत्ति कर बकायेदारों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करेगा निगम

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ऐसे संपत्तिकर बकायदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने जा रहा है। जिनकी बकाए की राशि 25 लाख रुपए से अधिक है। इसी दिशा में दिल्ली नगर निगम के कर निर्धारण एवं समाहरण विभाग ने दिल्ली के सभी संपत्ति करदाताओं के संपत्ति कर देयता से संबंधित डाटा का विश्लेषण कर उन सभी संपत्ति करदाताओं की पहचान कर ली है जिनकी संपति कर की बकाया राशि 25 लाख रुपए से अधिक है। निगम के अनुसार दिल्ली नगर निगम इन सभी संपत्ति कर बकायेदारों के विरुद्ध जल्द ही कानूनी कार्रवाई करते हुए अभियोजन दायर करेगा। निगम एक्ट के अनुसार 25 लाख से अधिक राशि के बकाया संपति कर का भुगतान न करने की सूरत में 3 माह से 7 साल के सश्रम कारावास एवं बकाया संपत्ति कर के 50 प्रतिशत तक जुर्माने का प्रावधान है। दिल्ली नगर निगम के संपत्ति कर विभाग ने संपत्ति कर से संबंधित डाटा निगम की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। अपलोड डाटा में संपत्ति करदाताओं की निजी जानकारी नहीं दी गई है। निगम की वेबसाइट पर अपलोड डाटा में अधिकृत कॉलोनी,अनधिकृत-नियमित कॉलोनी, ग्रामीण गांवों में 100 वर्ग मीटर से अधिक वाली रिहायशी संपत्तियों एवं अधिकृत कॉलोनियों की संपत्ति कर का डाटा उपलब्ध है। निगम के कर निर्धारण एवं समाहरण विभाग ने अपील की है कि अगर किसी संपत्ति की एक से अधिक यूपीआइसी आईडी हैं तो संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से इस त्रुटि का निवारण करवा लें।

### मामूली सुधार के बाद भी हवा बेहद खराब, छह दिन नहीं सुधारेंगे हालात

**नई दिल्ली।** हवा के रुख में आए बदलाव से प्रदूषण स्तर में मामूली सुधार के बाद भी दिल्ली की आबोहवा बेहद खराब है। शनिवार को दिल्ली का प्रदूषण सूचकांक 389 दर्ज किया गया जो शुक्रवार के मुकाबले 26 अंक कम है। शनिवार को दिल्ली में प्रदूषण के लिए स्थानीय कारक सबसे ज्यादा जिम्मेदार रहे। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में मुख्य सतही हवा चार किमी प्रति घंटे की गति पूर्वोत्तर-पूर्व दिशाओं से चली। सुबह के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहे व धुएं के कारण प्रदूषण स्तर को बढ़ने का मौका मिला। वहीं दिन में चली सर्द हवा के कारण प्रदूषण कण फैल नहीं पाए। हालांकि दिन में खिली हल्की धूप व हवा के रुख में आए बदलाव के कारण प्रदूषक तत्वों से थोड़ी राहत मिली जिस कारण शुक्रवार के मुकाबले प्रदूषण स्तर में मामूली सुधार हुआ। शनिवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रही। रविवार से वायु गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद है। हालांकि 28 नवम्बर तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में ही रह सकता है। अगले छह दिनों की बात करें तो सुधार की कोई खास उम्मीद नहीं है और वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रहने की आशंका है।

### राजधानी में 'ब्यूटी फुल लद्दाख' प्रदर्शनी का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राजधानी में सात दिवसीय एक अंतरराष्ट्रीय मेगा फोटो प्रदर्शनी 'ब्यूटीफुल लद्दाख' का शनिवार शाम औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस समारोह का आयोजन राजधानी में स्थित आल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स सोसायटी भवन में लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद लेह की ओर से किया गया है और इसकी अंतरराष्ट्रीय मेगा फोटो प्रदर्शनी 'ब्यूटीफुल लद्दाख' के आयोजन में राजधानी के थिंक टैंक 'सेंटर फॉर हिमालयन एशिया स्टडीज एंड एंगेजमेंट' (चेज) ने नॉलेज-पार्टनर के रूप में सहयोगी आयोजक की भूमिका निभाई है।

# बच्चों के बीच पहुंची शिक्षा मंत्री आतिशी



**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। शिक्षा मंत्री आतिशी ने शनिवार सुबह डॉ.बी.आर.अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस, ह्यूमैनिटीज़, गांधी नगर का दौरा किया और स्टूडेंट्स के साथ उनकी पढ़ाई को लेकर चर्चा की। इस दौरान शिक्षा मंत्री से अपने अनुभवों को साझा करते हुए स्टूडेंट्स ने कहा कि, स्कूल में उन्हें हर कॉनसेप्ट्स को बारीकी से समझाया जाता है और उन्हें रोजमर्रा के उदाहरणों से जोड़ कर सिखाया जाता है।

इस कारण वो अब किताबों में नहीं बल्कि जीवन के अनुभवों से परीक्षा के सवालों के जबाव ढूंढ़ते हैं। छात्रों ने कहा कि स्कूल में पढ़ाई केवल किताबों तक सीमित नहीं है। यहं किताबों से परे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है और उसमे हर बच्चे की भागीदारी सुनिश्चित की जाती है। इस एक्सपोजर के जरिए हमें समाज, देश-दुनिया के बड़े मुद्दों के विषयों में जानने समझने का मौका मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि पहले स्कूलों में रटने पर जोर होता था लेकिन अब ऐसा नहीं है अब हम रटने में बजाए कॉनसेप्ट्स को समझते है और खुद से अपनी समझ विकसित करते है और उसे रोजमर्रा के जीवन में अपनाते है। उदाहरण के लिए हम डेमोक्रेसी के विषय में न केवल पढ़ते है बल्कि क्लास और स्कूल के विषय में सामूहिक रूप से निर्णय लेकर डेमोक्रेसी के कॉन्सेप्ट को अपने जीवन में अपनाने का काम भी करते है। स्टूडेंट्स की मुखरता और आत्मविश्वास की प्रशंसा करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास देखकर भरोसा की हमारे शिक्षक हर बच्चे के लिए सफल भविष्य सुनिश्चित कर रहे है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार अपने ह्यूमैनिटीज एसओएसई में भविष्य के आईएएस अफसर, जर्नलिस्ट, इतिहासकार, वकील, जज और शानदार प्रोफेशनल्स तैयार कर रही है। यहां छात्रों को फाउंडेशनल विषयों के साथ-साथ इंडिविजुअल एंड सोसाइटी और वर्ल्ड ऑफ वर्क जैसे एडवांस विषयों के जरिए भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है।

■ छात्रों से पढ़ाई को लेकर किया संवाद



■ नई दिल्ली में धुंध के दौरान पेड़ पर बैठे पक्षी। राजधानी में बढ़ते प्रदूषण ने हर वर्ग की परेशानी बढ़ा दी है। फोटो इम्तियाज खान

# वायु प्रदूषण के मद्देनजर एंटी स्मॉग गन की तैनात

**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। नई दिल्ली क्षेत्र में वातावरण में वायु प्रदूषकों को कम करने के उद्देश्य से, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एनडीएमसी वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए गहन उपाय कर रही है, जिसमें चौबीसों घंटे के लिए एक और एंटी स्मॉग गन जैसी नवीनतम और सबसे बड़ी क्षमता वाली मशीनरी को भी शामिल कर लिया गया है। नई दिल्ली क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए, एनडीएमसी ने अब लंबे समय तक छिड़काव के लिए बिना रुके चलने वाली सबसे बड़ी पानी की टंकी क्षमता वाली एक और एंटी स्मॉग गन तैनात करके वायु प्रदूषण रोकने की अपनी पहल को एनडीएमसी ने और मजबूती प्रदान कर दी है। एनडीएमसी ने अब अपने क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए 17000 लीटर क्षमता की सबसे बड़ी पानी की टंकी के साथ टाटा निर्मित 28 टन सीएनजी ट्रक चेसिस पर नई एंटी-स्मॉग गन लगा कर क्षेत्र में तैनात कर दिया है। इतनी बड़ी पानी की टंकी की क्षमता के कारण, अब यह एंटी-स्मॉग गन स्प्रे के लिए लगातार 03 घंटे तक नॉन-स्टॉप पानी की आपूर्ति मिलने के कारण लगातार देर तक काम कर सकेगी, जिससे डेड माइलेज कम हो जाएंगे।

# रसिक परफॉर्मिंग आर्ट्स के नृत्य समारोह ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय शास्त्रीय कलाओं के संरक्षण और विकास के लिए प्रतिबद्ध गैर-लाभकारी संस्था, रसिक परफॉर्मिंग आर्ट्स ने अपने वार्षिक उत्सव, प्रयास नृत्य की मनमोहक शाम के 26वें संस्करण को रचनात्मक उत्कृष्टता के साथ आयोजित किया। संगीत और नृत्य की प्रतिमूर्ति के रूप में प्रयास ने इस अवसर पर जहां युवा प्रतिभाओं के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, वहीं गुड़गांव के दर्शकों के लिए प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियां भी पेश कीं। प्रसिद्ध कथक नर्तक पंडित जयंत कस्तूर, रविद्र मिश्रा, चित्रा शर्मा और सीसीआरटी के उपनिदेशक एसएंडएफ दिबाकर दास सहित संगीत उद्योग के प्रतिष्ठित दिग्गजों ने मंच की शोभा बढ़ाई। प्रयास 2023 की सफलता के बारे में बात करते हुए, गुरु जयश्री आचार्य ने कहा कि कथक मेरे लिए नृत्य, लय, माधुर्य और कविता के विविध क्षेत्रों में प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है, जो लोगों, भावनाओं और लगातार विकसित हो रही दुनिया की जटिलताओं के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। प्रयास के माध्यम से, मैं कथक की कलात्मकता से मोहित युवा पीढ़ी के जिज्ञासु दिमागों को अभिव्यक्ति और शिक्षा के इस गहन माध्यम से परिचित कराने का प्रयास करता हूं। इस संगीतमय शाम की शुरुआत रसिक परफॉर्मिंग आर्ट्स के 5 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लगभग 50 प्रतिभाशाली स्टुडेंट्स की प्रस्तुतियों से हुई, जिन्होंने मंच पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का मनमोहक प्रदर्शन किया।

■ दर्शकों के लिए प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियां की पेश



# शराब के लिए युवक से लूटपाट, सात गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। पश्चिम विहार इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर एक युवक की चाकू गोदकर हत्या करने वाले सात बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया है। पकड़े गए बदमाशों में चार नाबालिग हैं। पुलिस ने करीब दो सौ सीसीटीवी कैमरे की जांच कर बदमाशों की पहचान की। बदमाशों ने खुलासा किया है कि शराब के लिए उन्हें पैसे की जरूरत थी, इसलिए उनलोगों ने लूटपाट को अंजाम दिया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से मृतक का आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक पासबुक बरामद किया है।गिरफ्तार तीन बदमाशों की पहचान मंगोलपुरी निवासी आशु कुमार (18), सलीम (19) और सनी (19) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 20 नवंबर की देर शाम पुलिस को उद्योग नगर पीरागढ़ी के पीछे रेलवे ट्रैक पर एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

**आयोजन** *जुबिन नौटियाल के सुरों से गूंजा तालकटोरा स्टेडियम*

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुत कर बांध समां

**नई दिल्ली, 25 नवम्बर (देशबन्धु)। गढ़वाल हितैषिणी सभा के शताब्दी वर्ष महोत्सव विरासत में मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल के सुरों से दिल्ली का तालकटोरा स्टेडियम गूंज उठा। मंच पर पहुंचते ही सबसे पहले जुबिन नौटियाल ने उत्तराखंड की सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों के सकुशल रेस्क्यू के लिए सबसे प्रार्थना करने की गुजारिश की। उसके बाद अपने चिर परिचित अंदाज में सबसे पहले अपना गीत मेरी चौखट में चलके आज चारो धाम आए हैं प्रस्तुत कर समां बांध दिया। उन्होंने एक उत्तराखंडी और एक जौनसारी गीत भी प्रस्तुत किया। पब्लिक डिमांड उन्होंने तेरे बिन अब ना लेंगे एक भी दम, तुझे कितना चाहें और हम गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।**

■ उत्तराखंडी व्यंजन प्रतियोगिता व चित्र प्रदर्शनी का भी हुआ आयोजन

सिंगर रेशमा शाह ने भी अपना परफॉरमेंस दिया। इसके अलावा रेखा धस्माना उनियाल और लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी ने उत्तराखंडी गीत प्रस्तुत किए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो संदेश के माध्यम से सभी उत्तराखंड वासियों को शताब्दी वर्ष महोत्सव की शुभकामनाएं दीं और साथ ही कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग तथा उत्तराखंड प्रशासन के हौंसले के बल पर सुरंग में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही और जल्द ही सभी फंसे श्रमिक बाहर निकाल लिए जाएंगे। इस दौरान गढ़वाल हितैषिणी सभा के 100 वर्ष पर एक डॉक्यूमेंट्री और विरासत 2023 स्मारिका का विमोचन भी किया गया। समारोह में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा उत्तराखंडी पारम्परिक परिधान एवं आभूषण प्रतियोगिता, विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली उत्तराखंड की विभूतियों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अच्छी लोकप्रियता हासिल करने वाली 5 प्रादेशिक फिल्मों को भी सम्मान से नवाजा गया। सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट ने बताया इस महोत्सव का मकसद संगठन के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूर्वजों को नमन करना और उत्तराखंड की विरासत को सहेजना है।



# लिमिट व लोकल से कर सकते जलवायु सुधार में सहयोग : सोलंकी

**नई दिल्ली,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत के सौलर मैन और एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के संस्थापक प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी ने तत्काल जलवायु कार्रवाई के लिए सार्वजनिक और राजनीतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए गेम-चेंजिंग अभियान अबकी बार-जलवायु सुधार शुरू किया है। दिल्ली के प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान भारत के सौलर मैन ने बताया कि डबल एल यानि अपनी लिमिट तय कर और लोकल उत्पादों पर जोर देकर आम लोग जलवायु सुधार में सहयोग कर सकते हैं। सार्वजनिक और राजनीतिक जागरूकता बढ़े और जलवायु प्रभाव को तीव्र होने से रोका जा सके, इसके लिए ही भारत के संविधान दिवस पर इस अभियान को शुरू किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य भारत के पर्यावरणीय भविष्य को आगे बढ़ाना है, जिसमें युवाओं को प्रेरित कर सहयोग के लिए प्रेरित करना है। प्रोफेसर सोलंकी ने बताया कि एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के अभियान का लक्ष्य 2024 के आम चुनावों में जलवायु सुधार को नया आकार देना है।

जैसे-जैसे कार्बन उत्सर्जन बढ़ रहा है, भारत को जलवायु परिवर्तन के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता का सामना करना पड़ रहा है। अभियान जीवन और धन में अनुमानित नुकसान को रोकने के लिए तत्काल नीतियों और कार्यों की आवश्यकता पर जोर देगा।




■ अबकी बार-जलवायु सुधार अभियान की शुरुआत

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

सभी कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही जिलाधिकारी विद्युत विभाग का अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा रिवैंपड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम योजना के तहत जनपद में जो भी विद्युत कार्य कराए जा रहे हैं, उनकी निरंतर मॉनिटरिंग करें। **मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी**

## किसान की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने कोतवाली के सामने किया प्रदर्शन





- पांच माह पूर्व किसान व उसके पुत्र पर खेतों पर किया था जानलेवा हमला
- उपचार के दौरान शुक्रवार को किसान की हुई मौत

**जेवर,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्र के गांव चौरोली के रहने वाले एक किसान की शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसका शव देर रात गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा। शनिवार सुबह को दर्जनों महिलाओं के साथ ग्रामीणों ने कोतवाली के गेट के सामने खुर्जा रोड पर शव रखकर प्रदर्शन किया तथा किसान पर जानलेवा हमला करने के आरोपितों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। सूचना पर पहुंचे एडीसीपी व उपजिलाधिकारी द्वारा आरोपितों की जल्द से जल्द से गिरफ्तार किये जाने के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम किसान का शव गांव में पहुंचा जहां पुलिस की मौजूदगी में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। चौरोली के रहने वाले पीड़ित स्वजनों ने बताया कि 25 जून 2023 की रात को साहब सिंह व उनका पुत्र पवन खेतों पर टयूब वैल से पानी लगा रहे थे। उसी दौरान गांव के ही राकेश, संजीव, कुलदीप मौना, प्रिंस, राहुल व गांव चौकड़ा थाना नौहझील मथुरा के कपिल व अन्य ने धारदार हथियारों से पिता पुत्र पर जानलेवा हमला किया था। पवन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ बलवा करने, जानलेवा हमले के आरोप में मामला दर्ज कर विवेचना के बाद संजीव, प्रिंस, राहुल व रोबिन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पीड़ित पवन ने बताया कि घटना के कुछ दिन बाद उसकी हालत में सुधार होने पर उसे छुट्टी दे दी गई लेकिन उसके पिता साहब सिंह का गंभीर अवस्था में उपचार लगातार जारी रहा। उनकी तबियत खराब होने पर उन्हें कई बार हास्पीटल में भर्ती करना पड़ा तथा कई बार चिकित्सकों को उनके आपरेशन करने पड़े। दो दिन पूर्व उनके पिता साहब सिंह की हालत बिगड़ने पर उन्हें जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया जहां शुक्रवार देर शाम उनकी मौत हो गई।

**ग्रामीणों ने शव रखकर किया प्रदर्शन**– साहब सिंह 62 की उपचार के दौरान मौत के बाद शुक्रवार रात को उनका शव गांव पहुंचा। घटना के पांच महीने बाद भी आरोपित राकेश, कपिल व एक अन्य की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित ग्रामीण शनिवार सुबह को ट्रेक्टर ट्रॉलियों में सवार होकर कोतवाली पहुंच गए। जहां पर उन्होंने खुर्जा रोड पर कोतवाली के गेट के सामने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया तथा मामले में हत्या की धारा बढ़ाने व आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

**हत्या की धारा बढ़ाई गई** – ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद पुलिस द्वारा मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ा दी गई उसके बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी रहा। उपजिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, एडीसीपी अशोक कुमार व एसीपी रूद्र कुमार सिंह ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया तथा आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी का मौखिक व लिखित आश्वासन दिया। ग्रामीणों के शांत होने पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम मृतक का शव चौरोली गांव पहुंचा जहां पुलिस बल की मौजूदगी में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

## आईईसी प्रीमियर लीग सीजन 2 में हुए रोमांचक मुकाबले

**ग्रेटर नोएडा,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईईसी कॉलेज में स्पोर्ट्स मीट के तहत आई ई सी प्रीमियर लीग- सीजन-2 के दूसरे दिन रोमाचंक क्रिकेट के मुकाबले देखने को मिले। आईईसी प्रीमियर लीग-सीजन-2 कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर गुंजन भाटी ने बताया कि आईईसी प्रीमियर लीग में 50 स्कूलों की टीम क्रिकेट मैच तथा खो-खो प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी। जिसके तहत नॉक आउट मैचों के बाद क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल तथा फाइनल मैच के लिए टीमों का निर्धारण होगा। छात्रों के लिए क्रिकेट तथा छात्राओं के लिए खो-खो मैचों का आयोजन किया जा रहा है। आईईसी प्रीमियर लीग 24 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन लगभग पांच मैच हो रहे हैं। दूसरे दिन के नाक आउट मुकाबलों में धर्म पब्लिक स्कूल, आक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल, आर. के. एजुकेशनल, सिकंद्राबाद एवं रामईश इंटरनेशनल स्कूल विद्यालय की टीमें विजेता रही जो कि क्वार्टर फाइनल मैचों के लिए आगे खेलेंगी। विजेता टीमों के मैन आफद मैच अभिषेक, रोहित तथा प्रियांक को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर विनोद कुमार, तुषार गुप्ता, दिनेश मडवाल, लोकेश शर्मा, राजकुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## सार संक्षेप

### योग के माध्यम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा।** मतदाता जागरूकता अभियान की श्रृंखला में 'करें योग रहें निरोग डालने जाए अवश्य वोट' कार्यक्रम का आयोजन समसारा द वर्ल्ड अकादमी में योग के माध्यम से छात्र छात्राओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। बच्चों के द्वारा योगाभ्यास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया एवं स्वस्थ रह अपने मताधिकार का प्रयोग करने का सन्देश दिया गया। इस अवसर पर स्वीप कर्डिनेटर डॉ. शालिनी सिंह, वंदना यादव, गीता भाटी एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या कैप्टन प्रवीण रॉय, योग प्रशिक्षक ज्योति कुलश्रेष्ठ एवं गौरव शर्मा, प्रदीप वर्मा, शिप्रा गर्ग, राजवीर आदि विद्यालय स्टाफउपस्थित रहे।

### फार्मेसी सप्ताह के तहत आयोजित हुए कई कार्यक्रम



**ग्रेटर नोएडा।** ईशान इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी में फार्मेसी वीक 2023 थीम - 'रोगी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फार्मासिस्टों से जुड़ें के अंतर्गत फार्मेसी सप्ताह मनाया गया। इस आयोजन में फार्मेसी विभाग के सभी अध्यापक व विद्यार्थीयो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई जिसमें निम्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन के पहले दिन सह पाठ्यक्रम गतिविधि दिवस आयोजित की गई जिसमें रंगोली प्रतियोगिता थीम पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता जस्ट ए वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिता सम्मिलित रहीं।

## वोट फॉर रन के तहत लोगों को अधिक से अधिक मतदाता पंजीकरण के लिए किया प्रेरित

**ग्रेटर नोएडा,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को नोएडा कॉलेज आफ एजुकेशन धूम मानिकपुर दादरी में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर 'वोट फॉर रन' का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य अतिथि जिलाधिकारी की पत्नी डॉक्टर अंकिता राज ने उद्घाटन एवं वोट फॉर रन का शुभारंभ किया गया। वोट फॉर रन कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक एवं विशेष रूप से महिलाओं को अधिक से अधिक मतदाता पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य रूप से उप क्रीडा अधिकारी अनीता नागर, अंतरराष्ट्रीय पहलवान बबीता नागर, स्विफ्ट कोऑर्डिनेटर डॉक्टर शालिनी सिंह, वंदना यादव, गीता भाटी एवं संस्था के अध्यक्ष सुशील कुमार राजपूत उपस्थित रहे।



## धरनारत किसानों पर मामला दर्ज भेजने के खिलाफ किसानों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



किसानों ने मुकदमें वापस लेने और जेल में बंद किसानों की रिहाई को लेकर एसडीएम और एडीसीपी को सौंपा ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। रामगढ़ में 42 दिनों से धरनारत किसानों ने जेल में बन्द बीर सिंह भाटी उर्फलाला चेयरमैन और राजू भाटी पर लगाए गए झूठे मुकदमों को वापस लेकर की तुरन्त उनकी रिहाई कराए जाने की मांग की और इस प्रकरण के संबंध में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के नाम एसडीएम चारुल यादव डीसीपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस कमिश्नर के नाम ज्ञापन एडीसीपी अशोक कुमार को सौंपा। ग्रेटर नोएडा संयुक्त किसान मोर्चा (भू. अ.) के आह्वान पर एक समान नीति और नए भूमि अधिग्रहण कानून के सभी लाभ तय किए जाने की मांग को लेकर ग्रेटर नोएडा के रामगढ़ गांव में किसानों का धरना शनिवार 42 वें दिन भी जारी रहा। 2 किसान नेताओं पर जानलेवा हमला होने और घायल अवस्था में होने के बावजूद उन्हें अस्पताल में एडमिट करने की बजाय झूठे केस में गलत धाराओं में फंसाकर जेल भेजे जाने की सभी किसान संगठनों ने घोर निन्दा की है।

उधर दादरी कोतवाली प्रभारी सुजीत कुमार उपाध्याय द्वारा दिनांक 23 नवम्बर को रात्रि लगभग 8 बजे कोतवाली में अपने जूनियर सब इंस्पेक्टर के फोन पर कॉल करके किसान नेता सुनील फौजी से बात करते हुए धमकी देते हुए और अभद्र भाषा का प्रयोग करने के साथ साथ जूते मारने की बात कहते हुए झूठे केसों में फंसाकर जेल भेजे जाने की धमकी देने की भी सभी किसानों द्वारा कठोर निंदा की गई।

किसान नेता सुनील फौजी ने कहा कि किसानों को झूठे केसों में फंसाकर जेल भिजवाना दादरी कोतवाली कार्यालय की परम्परा बन गई है पहले भी यहां तैनात कुछ अधिकारियों ने दूसरे प्रदेशों में सांठ गांठ करके दादरी क्षेत्र के किसानों को दूसरे प्रदेशों तक जेलों में भिजवाया गया। इसकी पूरी जांच होनी चाहिए, सभी संगठनों की महापंचायत बुलाकर इसकी जांच के लिए व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

## सीमेंट से भरे ट्रैक्टर समेत चार आरोपी गिरफ्तार



- पुलिस मुठभेड़ में चारों आरोपियों के पैर में लगी गोली

**ग्रेटर नोएडा,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। दादरी थाने की पुलिस ने लूट की घटना का मात्र 16 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए लूट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया, उनके पास से घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर मय ट्रॉली जिसमें 320 कट्टे भरे हुए, अवैध हथियार व घटना में प्रयुक्त होन्डा सिटी कार बरामद की गई है। दरअसल आरोपी ट्रैक्टर ड्राइवर को चकमा देकर महेन्द्रा ट्रैक्टर ट्रॉली यूपी 14 एचटी 3007 जिसमें 320 बैग सीमेन्ट भरा हुआ था, सीमेंट के बिल व ट्रैक्टर ट्रॉली छीनकर भाग गए थे जिसके सम्बन्ध में वादी के प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना दादरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए तुरंत चार टीमों का गठन किया, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से घटना के अनावरण किया। शनिवार को थाना दादरी पुलिस ने लूट की घटना की सूचना मिलने के मात्र 16 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए गोपनीय सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बोडाकी रामगढ मार्ग पर सर्वोत्तम सोसायटी के गेट से 4 आरोपियों जिसमें विजय कुमार, विष्णु शर्मा, पिन्टू शर्मा व विनोद को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचाव हेतु पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसपर पुलिस की टीम ने जवाबी कार्रवाई में सभी आरोपियों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। आरोपियों के पास से लूट का सामान बरामद किया गया।

पुलिस ने बताया कि इस प्रकरण में मास्टर माइन्ड अभियुक्त विजय कुमार उर्फ विजय राणा है, जिसके द्वारा इस पूरी घटना की योजना बनाकर अपने सह आरोपियों को घटना में शामिल कर उक्त घटना का अंजाम दिया गया है। मास्टर माइंड अभियुक्त विजय कुमार का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। घटना में प्रयुक्त होन्डा सिटी कार भी अभियुक्त विजय कुमार की है।

## भाजयुमो की जिला कार्यसमिति की बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए मंथन

**ग्रेटर नोएडा,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कार्यसमिति बैठक एवं मण्डल सशक्तिकरण अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन जिला अध्यक्ष राज नागर के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में अपना उद्बोधन देते हुए गजेन्द्र मावी ने युवा कार्यकर्ताओं को 2024 चुनाव के लिए अपनी कमर कस लेने का आग्रह करते हुए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की शपथ दिलाई। संगठन के बारे में जानकारी देते हुए गजेन्द्र मावी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता का अनुशासन एवं व्यवहार पार्टी को अन्य दलों से अलग बनाता है। उन्होंने कहा कि इस बार सभी कार्यकर्ताओ को मिलकर



लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से जिताएंगे। प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय मंत्री प्रवीन भड़ाना ने दूसरे सत्र में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री चेतन वशिष्ठ ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अनुराग शर्मा, रॉबिन त्यागी, अजमेन्द्र नागर, संदीप भाटी, मोनू गर्ग, जिला मंत्री संदीप गोयल, दुष्यंत चौधरी, संजीव शर्मा, अमित मुखिया, अखिलेश नागर, जॉनी चौहान, जीवन भाटी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हस्तकला व विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी बच्चों की कला-कौशल



**ग्रेटर नोएडा,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। सेंट जोसेफ स्कूल सेक्टर अल्फा-1 में कला, हस्तकला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अलग-अलग विषयों जिसमें विज्ञान, भूगोल, कंप्यूटर, हस्तकला, वाणिज्य, इतिहास आदि विषयों से संबंधित विचारों व तथ्यों को कलात्मक तथा रचनात्मक रूप में प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह एवं स्कूल की विशिष्ट अतिथि व जिले की बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने किया। इस दौरान कक्षा-1 से आठवीं तक के विद्यार्थियों की अध्यापक-अभिभावक गोष्ठी होने के कारण अभिभावक गणों ने भी अपने नौनिहालों की कला प्रतिभा व विचारों को करीब से निहारा तथा सभी ने विद्यार्थियों की क्रियात्मक सोच की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर पधारे मुख्य अतिथियों ने भी विद्यार्थियों द्वारा दर्शाएं गए सभी प्रदर्शनों का एक-एक करके गहराई से आकलन किया तथा कहा कि जिस देश की आने वाली पीढ़ी ऐसी उच्च एवं क्रियात्मक सोच वाली हो उसे शिखर तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। उनके प्रशंसक शब्द सुनते हुए देखते ही बनते थे। इस प्रदर्शनी पर स्कूल के प्रधानाचार्य फादर डॉ. एल्विन पिंटो लगातार नजर बनाए रहे तथा उन्होंने सभी विद्यार्थियों व उनके सहयोगी शिक्षक अभिभावकों के सहयोग पर संतुष्टि व्यक्त की तथा कहा कि स्कूलों में ऐसे प्रदर्शन होते रहने चाहिए जिससे विद्यार्थियों को बहुमुखी विकसित होने का शुभ अवसर प्राप्त होता है।



इस अवसर पर स्कूल द्वारा तैयार किए गए समाज सेवा समूह एवं प्राथमिक चिकित्सा समूह के सदस्य आने वाले हर सदस्य को अपनी सेवाएं देने के लिए तत्पर रहे। जिसमें लीला नेगी व शीबा बानो ने मुख्य रूप से कार्यक्रम का संचालन किया।

## अपनी सीख को समाज व राष्ट्र की सेवा करने में लगाएं : जिलाधिकारी



- लॉयड बिजनेस स्कूल में दीक्षांत समारोह में पीजीडीएम के विद्यार्थियों को कॉरपोरेट सेक्टर ने किया प्रोत्साहित

**ग्रेटर नोएडा,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। लॉयड बिजनेस स्कूल में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) कार्यक्रम के लिए दीक्षांत समारोह 'अनुस्मरण' लॉयड परिसर में आयोजित किया गया। समूह निदेशक डॉ. वंदना अरोड़ा सेठी ने सभी का स्वागत करके समारोह की शुरूआत की।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार पीजीडीएम 2020-22 बैच और पीजीडीएम 2021-23 बैच के छात्रों को उनके दीक्षांत समारोह में आशीर्वाद देने के साथ प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को अपनी सीख को समाज और राष्ट्र की सेवा करने वाले सफल कॉर्पोरेट आइकनों तक ले जाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत, करुणा और प्रतिबद्धता के गुणों के बारे में बताया, जो उनके शैक्षणिक करियर में उनके लिए बहुत मददगार होंगे। युवाओं के लिए परिसर में उनकी उपस्थिति को छात्र समुदाय द्वारा अत्यधिक सराहना की गई। समारोह में जिंदल स्टेनलेस के मुख्य व्यवसाय अधिकारी और भारतीय सेना के अनुभवी कर्नल अमित बवेजा भी उपस्थित थे, जिन्होंने छात्रों को समर्पण और सामाजिक परोपकार की भावना को बड़े पैमाने पर राष्ट्र के लिए एक महान मानवीय सफलता कारक होने के बारे में संबोधित किया। कार्यक्रम में उद्योग अतिथि नवीन सेठ, उप महासचिव, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और मयंक छतवाल, वरिष्ठ सचिव पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भी उपस्थित थे साथ ही अन्य गणमान्य व्यक्तियों में एमडी निशा सीडी कुरुप, वरिष्ठ प्रबंधक-सामग्री, एसएचआरएम शामिल थे। छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। डिप्लोमा के वितरण ने छात्रों की शैक्षणिक यात्रा से पेशेवर दुनिया में प्रतीकात्मक परिवर्तन को चिह्नित किया। दीक्षांत समारोह ने छात्रों को उद्योग जगत के पेशेवरों से जुड़ने और नेटवर्किंग के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान किया।

## विद्युत वितरण के क्षेत्र में व्यापक सुधार के लिए चल रही योजना को लेकर सांसद ने की समीक्षा बैठक



- सांसद ने की रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के क्रियान्वयन की समीक्षा
- निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ करें काम

**ग्रेटर नोएडा,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और सामर्थ्य में सुधार करने के उद्देश्य से रिवैंपड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम संचालित की जा रही है। सांसद डॉ. महेश शर्मा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विद्युत समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए रिवैंपड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत 125 करोड़ रुपए के विद्युत कार्यों के क्रियान्वन को लेकर विद्युत विभाग एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि रिवैंपड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत विद्युत वितरण के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। बिजली की आपूर्ति परिचालन क्षमता और वित्तीय स्थिरता की विश्वसनीयता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए इस योजना का प्रारंभ किया गया है, इसलिए विद्युत विभाग एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण इस योजना की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में आरडीएस योजना के तहत जो विद्युत कार्य कराए जाने की सूची तैयार की गई है, वह सभी कार्य जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाते हुए निर्धारित समय अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, ताकि भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्रत्येक विद्युत उपभोक्ताओं तक पहुंच सके। मुख्य अभियंता विद्युत विभाग राजीव मोहन ने बताया कि जनपद के लिए पूर्व में 31.5 करोड़ रुपए की धनराशि से अप्रैल 2023 में जनपद में विद्युत कार्य संपन्न कराए गए एवं आगामी 31 जनवरी तक 87 करोड़ की धनराशि से शहरी एवं 35 करोड़ रुपए की धनराशि से ग्रामीण, कुल 122 करोड़ रुपए की धनराशि से जनपद में विद्युत कार्य संपन्न कराए जाएंगे। विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारीगण अपना प्रपोजल तैयार करते समय जनपद के जनप्रतिनिधियों से भी समन्वय करते हुए उनके द्वारा बताए गए कार्य को भी अपने प्रपोजल में सम्मिलित करें। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि सभी कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

साथ ही जिलाधिकारी विद्युत विभाग का अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा रिवैंपड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम योजना के तहत जनपद में जो भी विद्युत कार्य कराए जा रहे हैं, उनकी निरंतर मॉनिटरिंग करें। बैठक में दादरी नगर पालिका की अध्यक्ष गीता पंडित, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, विद्युत विभाग तथा कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वार्षिक खेल दिवस पर बच्चों ने किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। एपीजे इंटरनेशनल स्कूल में अन्तर्सदनीय खेल दिवस प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला निरीक्षक विद्यालय अधिकारी डॉ. धर्मवीर सिंह तथा गेस्ट ऑफ़ ऑनर नोएडा फिजिकल एजुकेशन कॉलेज दादरी के अध्यक्ष डॉ. सुशील राजपूत ने किया। डॉ. धर्मवीर सिंह ने सभी विजेता विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए तथा उन्होंने अपने भाषण में समस्त विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में जो भी खेल होते हैं वे बहुत ही यादगार होते हैं। जीवन में आप कभी भी भूल नहीं पाते इसलिए विद्यार्थियों में खेल की शिक्षा बचपन से ही दी जानी चाहिए क्योंकि बड़े होने पर खेल की भावना विकसित नहीं की जा सकती। खेल के मैदान की हार- जीत हमें जीवन के संघर्ष को मजबूत बनाती है। इसके साथ ही बच्चों को खेल प्रदर्शन में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने अभिभावकों, प्रधानाचार्या तथा शिक्षकों को भी धन्यवाद दिया।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# साहित्य

कहानी

# दुःख का अधिकार

■ यशपाल






मनुष्यों की पोशाकें उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं। प्राय: पोशाक ही समाज में मनुष्य का अधिकार और उसका दर्जा निश्चित करती है। वह हमारे लिए अनेक बंद दरवाजे खोल देती है, परंतु कभी ऐसी भी परिस्थिति आ जाती है कि हम जरा नीचे झुककर समाज की निचली श्रेणियों की अनुभूति को समझना चाहते हैं। उस समय यह पोशाक ही बंधन और अड़चन बन जाती है। जैसे वायु की लहरें कटी हुई पतंग को सहसा भूमि पर नहीं गिर जाने देतीं, उसी तरह खास परिस्थितियों में हमारी पोशाक हमें झुक सकने से रोके रहती है।

बाज़ार में, फुटपाथ पर कुछ ख़रबूज़े डलिया में और कुछ जमीन पर बिक्री के लिए रखे जान पड़ते थे। ख़रबूज़ों के समीप एक अधेड़ उम्र की औरत बैठी रो रही थी। ख़रबूज़े बिक्री के लिए थे, परंतु उन्हें खरीदने के लिए कोई कैसे आगे बढ़ता? ख़रबूज़ों को बेचनेवाली तो कपड़े से मुँह छिपाए सिर को घुटनों पर रखे फफक-फफककर रो रही थी।

पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई।

एक आदमी ने घृणा से एक तरफ़ थूकते हुए कहा, 'क्या जमाना है! जवान लड़के को मरे पूरा दिन नहीं बीता और यह बेहया दुकान लगा के बैठी है।'

दूसरे साहब अपनी दाढ़ी खुजाते हुए कह रहे थे, 'अरे जैसी नीयत होती है अल्ला भी वैसी ही बरकत देता है।'

सामने के फुटपाथ पर खड़े एक आदमी ने दियासलाई की तीली से कान खुजाते हुए कहा, 'अरे, इन लोगों का क्या है? ये कमीने लोग रोटी के टुकड़े पर जान देते हैं। इनके लिए बेटा-बेटी, ख़सम-लुगाई, धर्म -ईमान सब रोटी का टुकड़ा है।'

परचून की दुकान पर बैठे लाला जी ने कहा, 'अरे भाई, उनके लिए मरे-जिए का कोई मतलब न हो, पर दूसरे के धर्म-ईमान का तो खयाल करना चाहिए! जवान बेटे के मरने पर तेरह दिन का सूतक होता है और वह यहाँ सड़क पर बाज़ार में आकर ख़रबूज़े बेचने बैठ गई है। हजार आदमी आते-जाते हैं। कोई क्या जानता है कि इसके घर में सूतक है। कोई इसके ख़रबूज़े खा ले तो उसका ईमान- धर्म कैसे रहेगा? क्या अँधेर है!'

पास-पड़ोस की दुकानों से पूछने पर पता लगा- उसका तेईस बरस का जवान लड़का था। घर में उसकी बहू और पोता-पोती हैं। लड़का शहर के पास डेढ़ बीघा भर जमीन में कछियारी करके परिवार का निर्वाह करता था। ख़रबूज़ों की डलिया बाज़ार में पहुँचाकर कभी लड़का स्वयं सौदे के पास बैठ जाता, कभी माँ बैठ जाती।

लड़का परसों सुबह मुँह- अँधेरे बेलों में से पके ख़रबूज़े चुन रहा था। गीली मेड़ की तरावट में विश्राम करते हुए एक साँप पर लड़के का पैर पड़ गया। साँप ने लड़के को डस लिया।

लड़के की बुढ़िया माँ बावली होकर ओझा को बुला लाई। झाड़ना-फूँकना हुआ। नागदेव की पूजा हुई। पूजा के लिए दान-दक्षिणा चाहिए। घर में जो कुछ आटा और अनाज था, दान-दक्षिणा में उठ गया। माँ, बहू और बच्चे 'भगवाना' से लिपट-लिपटकर रोए, पर भगवाना जो एक दफ़े चुप हुआ तो फिर न बोला। सर्प के विष से उसका सब बदन काला पड़ गया था।

ज़िंदा आदमी नंगा भी रह सकता है, परंतु मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जाए? उसके लिए तो बजाज की दुकान से नया कपड़ा लाना ही होगा, चाहे उसके लिए माँ के हाथों के छन्नी-ककना ही क्यों न बिक जाएं।

भगवाना परलोक चला गया। घर में जो कुछ चूनी-भूसी थी सो उसे विदा करने में चली गई। बाप नहीं रहा तो क्या, लड़के सुबह उठते ही भूख से बिलबिलाने लगे। दादी ने उन्हें खाने के लिए ख़रबूज़े दे दिए लेकिन बहू को क्या देती? बहू का बदन बुख़ार से तवे की तरह तप रहा था। अब बेटे के बिना बुढ़िया को दुअन्नी-चवन्नी भी कौन उधार देता।

बुढ़िया रोते-रोते और आँखें पोंछते-पोंछते भगवाना के बटोरे हुए ख़रबूज़े डलिया में समेटकर बाज़ार की ओर चली-और चारा भी क्या था?

बुढ़िया ख़रबूज़े बेचने का साहस करके आई थी, परंतु सिर पर चादर लपेटे, सिर को घुटनों पर टिकाए हुए फफक-फफककर रो रही थी।

पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई। पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई।

कल जिसका बेटा चल बसा, आज वह बाज़ार में सौदा बेचने चली है, हाय रे पत्थर-दिल!

उस पुत्र-वियोगिनी के दु:ख का अंदाजा लगाने के लिए पिछले साल अपने पड़ोस में पुत्र की मृत्यु से दु:खी माता की बात सोचने लगा। वह संभ्रांत महिला पुत्र की मृत्यु के बाद अढ़ाई मास तक पलंग से उठ न सकी थी। उन्हें पंद्रह-पंद्रह मिनट बाद पुत्र-वियोग से मूर्छा आ जाती थी और मूर्छा न आने की अवस्था में आँखों से आँसू न रुक सकते थे। दो-दो डॉक्टर हरदम सिरहाने बैठे रहते थे। हरदम सिर पर बर्फ़ रखी जाती थी। शहर भर के लोगों के मन उस पुत्र-शोक से द्रवित हो उठे थे।

जब मन को सूझ का रास्ता नहीं मिलता तो बेचैनी से कदम तेज हो जाते हैं। उसी हालत में नाक ऊपर उठाए, राह चलतों से ठोकरें खाता मैं चला जा रहा था। सोच रहा था- शोक करने, गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और--- दु:खी होने का भी एक अधिकार होता है।

व्यंग्य

■ शरद जोशी

## बुद्धिजीवियों का दायित्व

लोमड़ी पेड़ के नीचे पहुंची. उसने देखा ऊपर की डाल पर एक कौवा बैठा है, जिसने मुंह में रोटी दाब रखी है. लोमड़ी ने सोचा कि अगर कौवा गलती से मुंह खोल दे तो रोटी नीचे गिर जाएगी. नीचे गिर जाए तो मैं खा लूं.

'लोमड़ी बाई, शासन ने हम बुद्धिजीवियों को यह रोटी इसी शर्त पर दी है कि इसे मुंह में ले हम अपनी चोंच को बंद रखें. मैं जरा प्रतिबद्ध हो गया हूं आजकल'



लोमड़ी ने कौवे से कहा, ' भैया कौवे! तुम तो मुक्त प्राणी हो, तुम्हारी बुद्धि, वाणी और तर्क का लोहा सभी मानते हैं. मार्क्सवाद पर तुम्हारी पकड़ भी गहरी है. वर्तमान परिस्थितियों में एक बुद्धिजीवी के दायित्व पर तुम्हारे विचार जानकर मुझे बहुत प्रसन्नता होगी. यों भी तुम ऊंचाई पर बैठे हो, भाषण देकर हमें मार्गदर्शन देना तुम्हें शोभा देगा. बोलो मुंह खोले कौवे!'

इमर्जेंसी का काल था. कौवे बहुत होशियार हो गए थे. चोंच से रोटी निकाल अपने हाथ में ले धीरे से कौवे ने कहा - 'लोमड़ी बाई, शासन ने हम बुद्धिजीवियों को यह रोटी इसी शर्त पर दी है कि इसे मुंह में ले हम अपनी चोंच को बंद रखें. मैं जरा प्रतिबद्ध हो गया हूं आजकल, क्षमा करें. यों मैं स्वतंत्र हूं, यह सही है और आश्चर्य नहीं समय आने पर मैं बोलूं भी.'

इतना कहकर कौवे ने फिर रोटी चोंच में दबा ली.

ग़ज़ल

■ बिस्मिल अज़ीमाबादी

न अपने ज़ब्त को रुस्वा करो सता के मुझे
ख़ुदा के वास्ते देखो न मुस्कुरा के मुझे

सिवाए दाग़ मिला क्या चमन में आ के मुझे
क़फ़स नसीब हुआ आशियाँ बना के मुझे

अदब है मैं जो झुकाए हुए हूँ आँख अपनी
ग़ज़ब है तुम जो न देखो नज़र उठा के मुझे

इलाही कुछ तो हो आसान नज़%अ की मुश्किल
दम-ए-अख़ीर तो तस्कीन दे वो आ के मुझे

ख़ुदा की शान है मैं जिन को दोस्त रखता था
वो देखते भी नहीं अब नज़र उठा के मुझे

मिरी क़सम है तुम्हें रहरवान-ए-मुल्क-ए-अदम
ख़ुदा के वास्ते तुम भूलना न जा के मुझे

हमारा कौन ठिकाना है हम तो %बिस्मिल% हैं
न अपने आप को रुस्वा करो सता के मुझे

हरमिंदर साहिब, अमृतसर का यात्रा संस्मरण

# नानक नाम चढ़दी कलां– तेरे भाणे सरबत दा भला

■ मिर्ज़ा जाहिद बेग


दुनिया के सभी धर्म अपने पवित्र ग्रंथों में समस्त मानवता के लिए करुणा और प्रेम का सन्देश देते हैं लेकिन इन धर्म ग्रंथों को आम तौर पर कोई अन्य धर्मावलम्बी नहीं पढ़ता। वो इनके अनुयायियों को देखता है और उस धर्म के बारे में, उसके दूतों, अवतारों और पैगंबरों के बारे में अपनी राय क़ायम करता है। मेरा अपना अनुभव और मानना है कि इस मामले में सिख धर्म के अनुयायी अन्य धर्मों के अनुयायियों से अक्सर बेहतर साबित हुए हैं।

पंद्रहवीं शताब्दी में गुरु नानक देव जी द्वारा सिखी की स्थापना से ही सिखों ने सम्पूर्ण मानवता की सेवा और राष्ट्रप्रेम के अनुपम प्रतिमान स्थापित किये हैं यद्यपि अपने धर्म की स्थापना से ही उन्होंने अत्याचार का दंश झेला है। शुरुआत में मुगलों ने अपने राजनैतिक मक़सद के लिए उनका दमन किया। विभाजन के समय भी सबसे ज़्यादा हिंसा उन्हीं के ख़िलाफ़ हुई। इंदिरा जी की हत्या से उपजे आक्रोश के फलस्वरूप उन्हें जान और माल का अपूरणीय नुक़सान हुआ पर सलाम इस क़ौम को कि उनके दिल में किसी धर्म के प्रति कटुता स्थायी रूप से जग़ह नहीं बना पाई।

व्यक्तिगत तौर पर आप किसी भी सिख से मिलिए उसकी गर्मजोशी और मृदु व्यवहार आपको इस क़ौम का क़ायल बना देगा। अपने गुरुओं की सीख को उन्होंने पूरी तरह आत्मसात किया हुआ है। खालसा एड इंटरनेशनल के सेवा कार्यों के बारे में तो अब लगभग सारी दुनिया जान ही चुकी है। आप दुनिया के किसी भी गुरूद्वारे में चले जाइये वहाँ का आत्मीय माहौल, सेवा की परम्परा और हर मज़हब के दर्शनार्थियों के लिए निरंतर चलते लंगर आपको अपना मुरीद बना लेंगे। जब तक आप दर्शन कर के बाहर आएंगे सेवादार आपके जूते चमका देंगे, आपको पता भी नहीं चलेगा की आपके जूते चमकाने वाला कौन है? हो सकता है कि वह विदेश में रहने वाला कोई अरबपति सिख या आईएएस-आईपीएस हो।

मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे हरमिंदर साहिब से लेकर हिन्दी पट्टी के अधिकाँश गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब का दर्शन करने और उसका पाठ सुनने का शर्फ़ हासिल हुआ है। मैं जहाँ भी पर्यटन के लिए गया अगर वहाँ गुरुद्वारा है तो मेरे क़दम बेखुदी में उस ओर उठ ही गए। यूँ कहिये कि गुरूद्वारे मुझे अपनी ओर खींचते हैं। इस बारे में एक व्यक्तिगत अनुभव आपके साथ साझा करना चाहता हूँ। हम सपरिवार जनवरी 2010 में इंदौर से अमृतसर,दिल्ली, आगरा और फतेहपुर सीकरी पर्यटन के लिए निकले। इंदौर से पहला पड़ाव अमृतसर था। लगभग शाम के 5 बजे ट्रेन इंदौर से निकली। हमारे कूपे में सामने वाली बर्थ पर एक छोटा सा सिख परिवार बैठा था - माँ, उनका नौजवान बेटा और एक किशोरवय बेटी। उनके पिता और चाचा पकिस्तान से लरकाना साहिब में मत्था टेक कर 3 दिन बाद आने वाले थे और वे उन्हें लिवाने के लिये अमृतसर जा रहे थे।

जैसा कि अमूमन ट्रेन यात्राओं में होता है परिचय की शुरुआत 'आप कहाँ जा रहे हैं' से हुई। जैसे ही उन्हें पता चला कि हम मुस्लिम हैं और हरमिंदर साहिब दर्शन के लिए जा रहे हैं वो इतने प्रसन्न और अभिभूत हुए कि उसको बयाँ करना मुश्किल है। पंजाबी अपने खाने/खिलाने के शौक के लिए पूरी दुनिया में मशहूर हैं आप यक़ीन नहीं करेंगे दोस्तो, अमृतसर तक लगभग 35 घंटों के सफर में उन्होंने हमें 35 रूपये भी खर्च नहीं करने दिए। इतना सारा और इतनी तरह का खाना ले कर वो चले थे कि पूरे सफर के दौरान हम अपना टिफ़िन निकाल ही नहीं पाए। यही नहीं अपने परिजनों के लिए स्वर्णमंदिर परिसर के बाहर ट्रस्ट की धर्मशाला में आरक्षित एसी कक्ष 24 घंटे के लिए हमें उपलब्ध करा दिया, अपने साथ हरमिंदर साहिब के दर्शन कराये और वाघा सरहद तक लेकर गये।



दूसरे दिन हम स्वर्ण मंदिर परिसर में शाम को टहल रहे थे। मग़रिब की नमाज़ का वक़्त हो गया था, मैं टहलता हुआ बच्चों से थोड़ा दूर आ गया था। बेटे ने मुझ से आ कर कहा-'डैडी मम्मी नमाज़ पढ़ने का बोल रही हैं।' मैंने कहा-'ठीक है परिसर के बाहर चलते हैं।'

तब तक श्रीमती जी भी वहां आ गईं और कहा कि 'इतनी भीड़ है बाहर निकलने में और कमरे तक पहुँचने में एक घंटे से ज़्यादा वक़्त लग जायेगा और नमाज़ कज़ा हो जायगी।' अब मैं सकपकाया मुझे पता था कि उन्होंने किशोरावस्था के बाद अब तक शायद एक नमाज़ भी नहीं छोड़ी थी। वे बोलीं -'यहीं कहीं पढ़ लें।' मैं सिखों और मुस्लिमों के रक्त-रंजित इतिहास को जानता था। यद्यपि यह भी जानता था कि 1588 में गुरु अर्जन साहिब ने लाहौर के एक मुस्लिम फ़क़ीर(सूफी संत) हजरत मियां मीर जी से हरमिन्दर साहिब की नींव रखवाई थी पर यह भी सत्य है कि पिछले 422 सालों में पंजाब की पांचो नदियों में दोनों क़ौमों का बहुत रक्त बह चुका था। घर से दूर हजारों सिखों के बीच उनके सबसे पवित्र धर्म-स्थल पर बीबी-बच्चों को नमाज़ पढ़ने का कहने की मेरी हिम्मत नहीं हुई। शायद पढ़ा-लिखा होना इंसान को पूर्वाग्रही भी बना देता है। हमारी इस उहापोह को वहाँ तैनात एक सेवादार ने भांप लिया और हिन्दी मिश्रित गुरुमुखी में मुझसे कहा -'बोलें क्या बात है ?'

मेरे कुछ कहने से पहले ही बिटिया ज़ेनिफ़र ने उन्हें सारा माज़रा कह सुनाया। सेवादार महाशय मुस्कराये और बोले-' तो इसमें क्या दिक़्क़त है?' बस, फिर क्या था पवित्र सरोवर मेरे परिवार के लिए वज़ुख़ाना बन गया। सेवादार ने भीड़ को एक तरफ़ किया। दिशा भ्रम होने के कारण हमें बताया कि मग़रिब (पश्चिम) किस तरफ़ है। अपने उत्तरीय को पवित्र सरोवर में डुबो कर नमाज़ पढ़ने के स्थान को पोंछा, जब तक श्रीमती जी और बच्चे नमाज़ पढ़ते रहे, वे अपनी चिर-परिचित नीले रंग की पोशाक में चार फ़ीट लम्बी तलवार क़मर से लटकाये वहीं खड़े रहकर नमाज़ियों के सामने से लोगों को निकलने से रोके रहे।

ज़रा तसव्वुर कीजिये मित्रों दुनिया के सबसे पवित्र सिख धर्मस्थल पर हज़ारों सिखों के बीच में मेरा परिवार हरमिंदर साहिब में अपने रब की बारग़ाह में सज़दा कर रहा था। बेटे के सर पर टोपी के स्थान पर अकाल तख़्त के प्रतीक वाला भगवा सरोपा (रुमाला) बंधा हुआ था। बिटिया और श्रीमती जी के सर पर हिज़ाब था। उन तीन नमाज़ियों के एहतराम में निहंग सर पर पगड़ी और क़मर में तलवार बांधे खड़ा था। यह एक कल्पनातीत दृश्य था। जिसका चित्रण करना नामुमकिन है। जो संवेदनशील होंगे उन्हें दिख रहा होगा कि इन नमाज़ियों, उस निहंग और वहाँ से ख़ामोशी से गुज़र रहे दर्शनार्थियों पर अल्लाह की रहमत के साथ-साथ तमाम प्रात:स्मरणीय गुरुओं और मियां मीर का आशीर्वाद भी बरस रहा था।

बच्चों की नमाज़ के बाद मैंने अपनी भीग आई आँखों की कोर को पोंछा और उस मोहब्बत के फ़रिश्ते से मुसाफ़ा( दोनों हाथ मिलाना ) कर उसका शुक्रिया अदा किया। सेवादार महाशय 'कोई गल नी जी, कोई गल नी' कहते हुए वापस अपने काम में लग गये। हम भी मोहब्बत और सर्वधर्म समभाव का एक अमिट पाठ अपने हृदय पर अंकित कर वहाँ से विदा हुए।

मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे हरमिंदर साहिब से लेकर हिन्दी पट्टी के अधिकाँश गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब का दर्शन करने और उसका पाठ सुनने का शर्फ़ हासिल हुआ है। मैं जहाँ भी पर्यटन के लिए गया अगर वहाँ गुरुद्वारा है तो मेरे क़दम बेखुदी में उस ओर उठ ही गए। यूँ कहिये कि गुरुद्वारे मुझे अपनी ओर खींचते हैं। इस बारे में एक व्यक्तिगत अनुभव आपके साथ साझा करना चाहता हूँ। हम सपरिवार जनवरी 2010 में इंदौर से अमृतसर,दिल्ली, आगरा और फतेहपुर सीकरी पर्यटन के लिए निकले।

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## 20 नागरिक अभी हमास के कब्जे में : थाईलैंड

**तेल अवीव।** थाईलैंड ने शनिवार को कहा कि उसके 20 नागरिक अभी भी हमास के कब्जे में हैं। शुक्रवार को, हमास ने 13 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया, जिनमें 10 थाईलैंड के नागरिक और एक फिलीपीन नागरिक शामिल थे, जबकि इजरायल ने कतर की मध्यस्थता में हमास और इजरायल के बीच हुए समझौते के तहत 39 फिलिस्तीनियों को रिहा किया। थाईलैंड ने कहा कि वह हमास के कब्जे वाले अपने सभी नागरिकों की रिहाई के लिए काम करेगा। ईरान ने 10 थाईलैंड नागरिकों और एक फिलीपीन नागरिक की रिहाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# फिलिस्तीन के समर्थन में अमेरिका में प्रदर्शन

■ मैनहट्टन की सड़कों पर भी जुलूस निकाला

**वाशिंगटन,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के मैनहट्टन शॉपिंग जिले में फिलीस्तीनी समर्थकों ने विरोध- प्रदर्शन किया। फिलिस्तीनी यूथ मूवनेंट ने एक्स पर कहा, स्थायी युद्धविराम और घेराबंदी को समाप्त करने की मांग के लिए मैसी के थैंक्सगिविंग डे परेड को बाधित करने के एक दिन बाद प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क के वाणिज्यिक जिले में विरोध-प्रदर्शन किया गया। यह ब्लैक फ्राइडे नहीं है, यह फिलिस्तीन के लिए पीपुल्स डे है। संगठन ने एक केंद्रीय डिपार्टमेंटल स्टोर के पास विरोध- प्रदर्शन का एक वीडियो भी पोस्ट किया है। प्रदर्शनकारियों ने मैनहट्टन की सड़कों पर भी जुलूस भी निकाला। उल्लेखनीय है कि इज़रायल और फिलिस्तीनी समूह हमास के बीच सात अक्टूबर से संघर्ष शुरू हुयी थी और दोनों पक्षों ने शुक्रवार की सुबह कुछ कैदियों और बंधकों की अदला-बदली के लिए चार दिवसीय संघर्ष विराम शुरू किया।




## इजरायल में हवाई हमले के सायरन बजे : आईडीएफ

**यरूशलम।** इजरायल रक्षा बलों ने कहा कि इजरायल के उत्तरी क्षेत्र में लोगों को हवाई हमले के सायरन सुनायी दिए। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, उत्तरी इजरायल में सायरन बज उठा। इजरायली सेना ने बताया कि देश के उत्तर में एक 'संदिग्ध हवाई लक्ष्य' की ओर एक इंटरसेप्टर लॉन्च किया गया था। आईडीएफ ने कहा कि उसने लेबनान से इजरायली सेना के ड्रोन की ओर लॉन्च की गई एक मिसाइल को मार गिराया है। उल्लेखनीय है कि इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच संघर्ष सात अक्टूबर को शुरू हुई।

## इजरायल ने लेबनान की मिसाइल को मार गिराया

**यरुशलम।** इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने लेबनान से इजरायल को लक्ष्य कर दागे गये मिसाइल को मार गिराने का दावा किया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, आईडीएफ ने एक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल को मार गिराया, जो लेबनान से इजरायल की ओर दागी गयी थी। यूएवी क्षतिग्रस्त नहीं हुआ और अपने मिशन पर जारी रहा। मिसाइल इजरायली क्षेत्र में नहीं घुसी और प्रोटोकॉल के अनुसार कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। बयान में कहा गया कि आईडीएफ ने जवाब में लेबनानी आंदोलन हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे पर हमला किया है।

# कराची के शॉपिंग मॉल में लगी आग, नौ लोगों की मौत

**कराची,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में कराची के राशिद मिन्हास रोड पर स्थित आरजे मॉल में शनिवार को आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति जख्मी हो गया। अस्पताल प्रबंधन और पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी सुम्मैया सैयद ने स्थानीय मीडिया को बताया कि नौ शव अस्पतालों में लाए गए हैं, जिनमें से आठ जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर में और एक सिविल अस्पताल कराची में लाया गया। उन्होंने कहा कि एक 18 वर्षीय युवती को वर्तमान में सीएचके में भर्ती कराया गया था। मुख्यमंत्री आवास को सौंपी गई एक रिपोर्ट में जिला पूर्वी उपायुक्त अल्ताफ शेख ने कहा, मॉल में लगी भीषण आग मे 22 लोगों को बचाया गया और उपचार के लिए जेपीएमसी भेज दिया गया, जिनमें से एक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं डॉन न्यूज के मुताबिक



श्री शेख ने कहा कि इमारत की चौथी मंजिल तक सफाई का काम पूरा कर लिया है, जबकि पांचवीं और छठी मंजिल को खाली कराने का काम चल रहा है। शारिया फैसल पुलिस थाने के प्रभारी (एसएचओ) राजा तारिक महमूद ने मीडिया को बताया कि इमारत एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान है, जिसमें शॉपिंग सेंटर, कॉल सेंटर और सॉफ्टवेयर हाउस था। दमककर्मी एवं राहत विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें सुबह 6:30 बजे शॉपिंग मॉल में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकर्मी सहित आठ गाड़ियों, दो स्नोर्कल और दो बाउजर को घटना स्थल पर भेजा गया था। उन्होंने कहा कि दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

भीषण आग मे 22 लोगों को बचाया गया

## सुडोकू 6387

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | 4 | | |
| | | 9 | | 2 | 8 | 1 | | |
| | | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | | | | 7 |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 9 |
| 6 | | | | | | | 4 | |
| | 9 | | | 8 | | | | |
| | | 5 | 7 | 3 | | 6 | | |
| | | 6 | 1 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 26 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 14

### राशिफल

मेष - स्फूर्ति और ताजगीपूर्ण सुबह से दिन की शुरुआत करेंगे। घर में मित्रों और सगे-संबंधियों के आवागमन से खुशहाली का माहौल रहेगा। उनकी तरफ से मिले उपहारों से आपको खुशी होगी।

वृषभ - क्रोध और हताशा की भावना आपके मन पर छायी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी साथ नहीं देगा। घर-परिवार की चिंता के साथ खर्च के मामले में भी आज चिंतित रहेंगे।

मिथुन - परिवार में खुशी और आनंद का माहौल रहेगा। नौकरी-धंधे में आपको लाभ का समाचार मिलेगा। उच्च अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। विवाह योग्य जातकों के रिश्ता पक्का होने के योग है। मित्रों से विशेष लाभ होगा।

कर्क - आज आप घर की सजावट पर समय और धन दोनों खर्च करेंगे। व्यापार और नौकरी में लाभ होगा तथा पदोन्नति होने की भी संभावना बनी रहेगी। परिवार में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा।

सिंह - आज गुस्से वाला स्वभाव होने के कारण किसी भी काम में मन नहीं लगेगा। संघर्ष या विवाद के कारण किसी के नाराज होने की आशंका बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

कन्या - आज वाणी पर संयम रखें और किसी नए काम का प्रारंभ न करें। क्रोध एवं आवेश के कारण बातचीत में नुकसान हो सकता है। परिवार एवं मित्रों के साथ भी वाद-विवाद हो सकता है।

तुला - दैनिक कामों के बोझ से हल्का होने के लिए आज आप पार्टी, सिनेमा, नाटक या पर्यटन का आयोजन करेंगे। मित्रों को आमंत्रित करेंगे। किसी खास मित्र के साथ से आनंदित महसूस करेंगे।

वृश्चिक - आज आप अनिश्चितता और सुखशांति के साथ घर में समय व्यतीत करेंगे। शारीरिक तथा मानसिक प्रसन्नता से काम करने में उत्साह रहेगा। ऑफिस में स्टाफ की मदद पाकर बहुत से काम पूरे कर सकेंगे।

धनु - संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई की चिंता से मन व्यग्र रहेगा। पेट संबंधी बीमारियां परेशान करेंगी। काम की असफलता से आपके अंदर हताशा होगी। क्रोध को काबू में रखें। साहित्य, लेखन तथा कला के प्रति गहरी रुचि रखेंगे।

मकर - आपके तन-मन में सुस्ती और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में भय रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या विवाद से आपके मन में डर का भाव रहेगा। समय पर भोजन और नींद नहीं मिलेगी।

कुंभ - आज चिंता मुक्त होने से आप राहत महसूस करेंगे। आपके उत्साह में भी वृद्धि होगी। बुजुर्गों और मित्रों से लाभ की अपेक्षा रख सकते हैं। स्नेहमिलन या प्रवास के माध्यम से मित्रों एवं स्वजनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजरेगा।

मीन - आर्थिक आयोजन करने के लिए आज शुभ दिन है। निर्धारित काम पूरे होंगे। आय बढ़ेगी। परिवार में सुख- शांति का वातावरण बना रहेगा। सुरुचिपूर्ण भोजन प्राप्त होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## तुर्किए ने इराक में पीकेके के ठिकानों पर हवाई हमला किया

**अंकारा,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। तुर्किए की सेना ने उत्तरी इराक में सीमा पार ऑपरेशन के तहत प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के 17 ठिकानों पर हवाई हमले किए। तुर्किए रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक ऑपरेशन मेटिना, हाकुर्क, गारा और कंदील क्षेत्रों में चलाया गया, जिसमें 19 गुफाओं, कैश और आश्रयों को निशाना बनाया गया, जहां माना जाता है कि पीकेके के वरिष्ठ सदस्य रहते हैं। बयान में कहा गया कि हवाई हमले में कई आतंकवादी भी मारे गये हैं। बयान में निहित शब्दों में 'निष्प्रभावी' शब्द का उपयोग किया गया है यानी की कथित 'आतंकवादियों' ने या तो आत्मसमर्पण कर दिया है, मारे गए हैं, या पकड़े गए हैं। तुर्किए सेना उत्तरी इराक में खासकर पीकेके समूह के मुख्य आधार कंदील पर्वत में अक्सर जमीनी कार्रवाई, हवाई हमले और बमबारी करती रही है।

# कुवैत गाजा में घायल फिलिस्तीनियों का उपचार करने के लिए तैयार

**कुवैत सिटी,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। कुवैत ने गाजा पट्टी से घायल फिलिस्तीनियों का उपचार करने के लिए अपने अस्पतालों और विभिन्न क्षेत्रों की तैयारी की घोषणा की है। कुवैत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेफॉर्म एक्स पर कहा, हमारे फिलिस्तीनी भाइयों से घायल लोगों का उपचार करने के लिए कुवैत में संबंधित अधिकारी निरंतर समन्वय और सहयोग बनाए हुए हैं। घायलों को स्वास्थ्य संबंधी देखभाल सुविधा प्रदान की जाएगी। आधिकारिक कुवैत समाचार एजेंसी के अनुसार कुवैत गाजा पट्टी तक सहायता पहुंचाने के लिए 23 अक्टूबर से मिस्र के उत्तरी सिनाई गवर्नरेट में अल-अरिश हवाई अड्डे के लिए उड़ानें संचालित कर रहा है, जो भोजन और चिकित्सा आपूर्ति, टेंट और एम्बुलेंस ले जाती हैं। गौरतलब है कि हमास




और इजरायल के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम पर समझौता हो गया है। समझौते के तहत, हमास इज़रायल में बंद लगभग 150 फ़िलिस्तीनी बंदियों के बदले में गाजा से करीब 50 इजरायली बंधकों को रिहा करेगा। इसके अलावा, संघर्ष विराम ने एन्क्लेव में अधिक सहायता आपूर्ति की डिलीवरी को सक्षम किया है और क्षेत्र के बाहर इलाज के लिए घायलों और बीमारों को स्थानांतरित करने की अनुमति दी है।

## रूस से गजा भोजी अतिरिक्त 15 टन सहायता

**मॉस्को।** रूस के आपात मंत्रालय ने गाजा पट्टी के लोगों को अतिरिक्त 15 टन मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक आईएल-76 विमान मिस्र के लिए रवाना किया है। मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर लिखा, रूस के आपात मंत्रालय गाजा की आबादी के लिए मानवीय सहायता का एक और बैच वितरित करेगा।आईएल-76 विमान 15 टन माल लेकर रवाना हो गया है। इसमें शिशु आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता उत्पाद, बिस्तर लिनन, कंबल और स्लीपिंग बैग शामिल हैं।

## वर्ग पहेली 6387



**बायें से दायें:-**

१. एक मणि जो चंद्रमा के किरणों से पसीज जाता है, कुमुद, चंद्रकांत
३. अंधेरा
५. निंदित,नीच
६. निर्दयी, पाषाण हृदय (उर्दू)
७. उत्तराधिकार से प्राप्त धनपर लगने वाला कर
९. निधन, मृत्यु
१०. लिहाज़ा, इसलिए
१२. उदासीन, तटस्थ, मुखरहित
१३. वैसा होने पर भी, तो भी
१४. सुरक्षित, सकुशल (उर्दू)
१६. फायदा, लाभ (उर्दू)
१८. फूल, पुष्प
२०. नगाड़ा (उर्दू)
२१. बातचीत
२३. आलोकित होना, प्रकाशवान होना

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौ पैरों वाला, कनखजूरा
२. दीप्तिहीन, आभाहीन
३. परिवर्तित, अंतरण किया हुआ
४. करने वाला
५. वह देवता जिसकी पूजा कुल विशेष में पीढ़ियों से होती आ रही हो
८. मुर्गा
१०. आगे का, आने वाला
११. अकेला
१२. जंगल, वन
१३. उसके समान
१४. विनयपूर्वक, विनम्र
१५. ब्राह्मणों के लिए एक सम्मानसूचक संबोधन
१७. दूरी, अंतर (उर्दू)
१८. जहा जाना आसान हो, आसान
१९. झुकाना
२२. किंतु, में, लेकिन

### वर्ग पहेली-6386

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | रा | २ का | ष्टा | ■ | ■ | ३ बे | ल | ४ गा | म |
| रि | ■ | न | ■ | ५ अ | द्दा | ई | ■ | यि | ■ |
| ६ प | ता | का | ■ | वि | ■ | ७ मा | र | का | ८ ट |
| क्व | ■ | क | ■ | ९ भ | वा | नी | ■ | ■ | र |
| ■ | १० उ | च्चा | ११ यु | क्त | ■ | ■ | १२ अ | ट्ट | ट |
| ■ | जा | ■ | द्ध | ■ | १३ अ | चं | भा | ■ | रा |
| १४ ना | ला | १५ य | क | ■ | पि | ■ | १६ व | १७ र | ना |
| स | ■ | ज | ■ | १८ आ | तु | १९ र | ■ | सा | ■ |
| २० म | हि | मा | ■ | लं | ■ | २१ ज | हा | ल | २२ त |
| झ | ■ | २३ न | क | ब | ज | नी | ■ | ■ | म |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# ऑस्ट्रेलिया में कथित हमले के बाद भारतीय छात्र कोमा में

■ 20 वर्षीय छात्र का रॉयल होबार्ट अस्पताल में चल रहा इलाज

**मेलबर्न,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया विश्वविद्यालय में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहा एक भारतीय छात्र इस महीने की शुरुआत में कथित हमले के बाद कोमा में चला गया है। सिडनी स्थित ब्रॉडकास्टर एसबीएस की रिपोर्ट के अनुसार, तस्मानिया में 5 नवंबर को सुबह लगभग 4:20 बजे हुए हमले के तुरंत बाद 20 वर्षीय छात्र को रॉयल होबार्ट अस्पताल ले जाया गया। कथित तौर पर उसका दाहिना फेफड़ा खराब हो गया है और उसे ब्रेन सर्जरी करानी पड़ी, यह प्रक्रिया कई घंटों तक चली। घटना के तुरंत बाद, पुलिस ने 25 वर्षीय बेंजामिन डॉज कोलिंग्स को हिरासत में ले लिया, और उस पर हमले का आरोप लगाया - एक अपराध जिसमें अधिकतम 21 साल की जेल की सजा हो




सकती है। कोलिंग्स को मजिस्ट्रेट द्वारा जमानत दे दी गई और उसकी 4 दिसंबर को अदालत में फिर से पेशी है। पुलिस ने एसबीएस हिंदी को बताया कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि यह घटना नस्लीय रूप से प्रेरित है। वहां के एक निवासी जर्मनजीत सिंह गिल ने फेसबुक ग्रुप इंडियन्स इन तस्मानिया% पर पोस्ट किया, आरोपी व्यक्ति को जमानत पर रिहा कर दिया गया है, जबकि गरीब आदमी अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा है। गिल ने कहा, किसी ने बिना किसी कारण के हमारे भाई पर हमला किया, और हम सवाल भी नहीं पूछ सकते? हम पीड़ित की मदद के लिए सामुदायिक समर्थन कर रहे हैं।

## चीनी सेना ने म्यांमार सीमा पर शुरू की सैन्य अभ्यास

**बीजिंग,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने शनिवार को चीन-म्यांमार सीमा के चीनी हिस्से पर सैन्य अभ्यास शुरू किया। पीएलए के दक्षिणी थिएटर कमांड के प्रवक्ता तियान जुनली ने आज यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने अपने बयान में कहा कि वार्षिक अभ्यास योजना के तहत पीएलए दक्षिणी थिएटर कमांड ने 25 नवंबर से शुरू होने वाले चीन-म्यांमार सीमा के चीनी हिस्से पर सैन्य अभ्यास करने के लिए सेना इकाइयों का आयोजन किया है।

अभ्यास का उद्देश्य सेना की गतिशीलता, सीमा नियंत्रण और मारक क्षमता का परीक्षण करना है।श्री तियान ने कहा कि दक्षिणी थिएटर कमांड के सैनिक राज्य की संप्रभुता, सीमा स्थिरता और लोगों की सुरक्षा की रक्षा के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने अभ्यास की अवधि और सीमा के बारे में कोई जानकारी देने से इंकार किया है। गौरतलब है कि वर्ष 1948 में म्यांमार को ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद केंद्रीय अधिकारियों और जातीय अल्पसंख्यकों के सैन्य समूहों ने देश में गृह युद्ध छेड़ दिया, जो 1990 के दशक तक चला।

## आज का इतिहास

1859 –चार्ल्स डिकन्स की 'ए टेल ऑफ टू सिटीज' का अंतिम साप्ताहिक अंक साहित्यिक पत्रिका 'ऑल द इयर राउंड' में प्रकाशित हुआ।
1865 –लुइस कैरोल की पुस्तक 'एलिस इन वंडरलैंड' अमेरिका में प्रकाशित।
1885–पहली बार उल्कापिंड की तस्वीर ली गयी।
1919 –भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार और शिक्षाविद् राम शरण शर्मा का जन्म।
1921–आज प्रसिद्ध उद्योगपति और श्वेत क्रांति के जनक वर्गीज कुरियन का जन्म हुआ था।
1932–महान क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दस हजार रन बनाये।
1948–नेशनल कैडेट कोर की स्थापना हुई।1949–संविधान सभा ने संविधान के मसौदे पर हस्ताक्षर किए।
1967 –लिस्बन में बादल फटने से करीब 450 लोगों की मौत।
1984–इराक एवं अमेरिका ने कूटनीतिक संबंधों को पुन-स्थापित किया।
1992 –विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाने की शुरुआत।
1996–मंगल ग्रह पर जीवन की संभावनाओं का पता लगाने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष यान 'मार्स ग्लोबल सर्वेयर' को अंतरिक्ष में भेजा था।
1998 –तुर्की के प्रधानमंत्री मेसुत यिल्माज ने संसद में अपनी सरकार के विश्वासमत हासिल नहीं कर पाने के बाद इस्तीफ़ा दिया।
2001 –नेपाल में 200 विद्रोही मारे गए।
2006 –इराक बम धमाके में 202 लोगों की मौत।
2008 –मुंबई के कई स्थानों पर आतंकवादी हमलों में 166 लोग मारे गए।
2012–अरविंद केजरीवाल ने एक नये राजनैतिक दल आम आदमी पार्टी का गठन किया।
2018 –नासा का इनसाइट मिशन सात महीने की यात्रा के बाद मंगल ग्रह पर उतरा।
2018 –अफगानिस्तान में पुलिस काफिले पर तालिबान के हमले में 22 पुलिसकर्मियों की मौत।

**आयोजन** चीन-फ्रांस उच्च स्तरीय बैठक पेइचिंग में आयोजित

# सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर सहमत हुए चीन-फ्रांस

■ राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ मनाई

बीजिंग, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन और फ्रांस की जनता के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान तंत्र के चीनी नेता और विदेश मंत्री वांग यी ने इस तंत्र की फ्रांस की नेता और फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना के साथ 24 नवंबर को पेइचिंग में तंत्र की छठी बैठक की सह-अध्यक्षता की।

दोनों पक्ष दोनों राष्ट्राध्यक्षों द्वारा संपन्न महत्वपूर्ण सहमति को लागू करने और चीन और फ्रांस के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ और संस्कृति और पर्यटन वर्ष के अवसर पर लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर सहमत हुए। वांग यी ने कहा कि दोनों देशों की जनता के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान तंत्र चीन और फ्रांस के बीच तीन स्तंभ संवाद तंत्रों में से एक है, जो चीन-फ्रांस संबंधों के विकास के लिए एक ठोस जनमत की नींव रखता है। चीन और फ्रांस को व्यापक रूप से लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को गहरा करना चाहिए, लोगों के बीच आपसी समझ और दोस्ती को बढ़ाना चाहिए, ताकि चीन-यूरोप और यहां तक ??कि वैश्विक सभ्यता के आदान-प्रदान के लिए एक उदाहरण स्थापित करने में सकारात्मक भूमिका निभाई जा सके। कोलोना ने कहा कि दोनों पक्षों ने दोनों राष्ट्राध्यक्षों द्वारा संपन्न सहमति को सक्रिय रूप से लागू किया, फ्रांस और चीन के लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को व्यापक रूप से फिर से शुरू किया, विभिन्न क्षेत्रों के ठोस सहयोग में उपलब्धियां हासिल करने को बढ़ावा दिया। उन्होंने फ्रांसीसी कर्मियों को चीन की यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए चीन को धन्यवाद दिया और कहा कि फ्रांस लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सहयोग के लिए प्राथमिकता देता रहेगा और आपसी लाभ वाले आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा।




## दुनिया को जानें

### भ्रूण के विकास की गति बेहतर ढंग से पहचान सकता है एआई

**लंदन,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। शोधकर्ता अब भ्रूण के विकास की गति और चरणों को पहचानने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आधारित तरीकों का विकास और उपयोग कर रहे हैं। नेचर मेथड्स जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में, सिस्टम जीवविज्ञानी पैट्रिक मुलर के नेतृत्व में जर्मनी में कोन्स्टानज विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक नये दृष्टिकोण का वर्णन किया है जो स्वचालित रूप से विकास प्रक्रियाओं की गति को पकड़ लेता है और मानव इनपुट के बिना विशिष्ट चरणों को पहचानता है। एक निषेचित अंडा कोशिका से एक कार्यात्मक जीव तक की यात्रा में पशु भ्रूण विशिष्ट विकासात्मक चरणों की एक श्रृंखला से गुजरते हैं। फिर भी, विवरण में अंतर हैं - अलग-अलग प्रजातियों के बीच और यहां तक कि एक ही प्रजाति के भ्रूणों के बीच भी। उदाहरण के लिए, अलग-अलग भ्रूणीय अवस्थाओं से गुजरने की गति अलग-अलग हो सकती है। भ्रूण के विकास में इस तरह की विविधताओं को विकास का एक महत्वपूर्ण चालक माना जाता है, क्योंकि वे नई विशेषताओं को जन्म दे सकते हैं, जिससे विकासवादी अनुकूलन और जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है।

# प्रादेशिकी

## कोहरे के चलते चार ट्रेनें की जाएंगी रद्द

हरिद्वार। दिसम्बर में कोहरे की आशंका को देखते हुए रेलवे की ओर से ट्रेनों का संचालन रद्द करना शुरू कर दिया गया है। फिलहाल हरिद्वार और ऋषिकेश से होकर गुजरने वाली दो जोड़ी ट्रेनों को दिसम्बर की शुरुआत होते ही बंद कर दिया जाएगा। कोहरे के कारण सुरक्षा की दृष्टि से जहां एक ओर ट्रेनें लेट हो रही हैं, कई ट्रेनें रद्द भी कर दी गई हैं। मुरादाबाद रेल मंडल से संचालित होने वाली दो जोड़ी ट्रेनें रद्द रहेंगी। मुरादाबाद डिवीजन के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि प्रयागराज-योगनगरी ऋषिकेश तीन दिसम्बर से 29 फरवरी, 2024 तक और योगनगरी ऋषिकेश-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस चार दिसंबर से एक मार्च तक रद्द रहेगी। योगनगरी ऋषिकेश-जम्मूतवी चार दिसंबर से 26 फरवरी और जम्मूतवी-योगनगरी ऋषिकेश तीन दिसंबर से 25 फरवरी तक रद्द रहेंगी।

## नगर निगम चुनाव में विधायकों को वोटिंग अधिकार देना सही : नरेश चौहान

**शिमला,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश में नगर निगम चुनाव में विधायकों को चुनाव का अधिकार देना सरकार का सही फैसला है । यह बात मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विधायकों की मांग पर स्वस्थ लोकतंत्र की दिशा में प्रदेश सरकार का यह एक सही फैसला है। नरेश चौहान ने कहा कि लंबे समय से विधायकों की ओर से मांग की जा रही थी कि विधायकों को मत देने का अधिकार भी दिया जाना चाहिए. ऐसे में सरकार ने उनकी इस मांग पर गौर करते हुए विधायकों को नगर निगम चुनाव में हिस्सा लेने का अधिकार दिया है. उन्होंने कहा इससे लोकतंत्र अधिक मजबूत होगा. एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में भी नगर निगम महापौर उप महापौर के चुनाव में सांसद भी वोट करते है ऐसे में हिमाचल में सरकार ने विधायकों को वोटिंग अधिकार देना गलत नही है।



**प्रदेश पर करोड़ों के कर्ज का बोझ लाद कर गई डबल इंजन सरकार**

प्रदेश भाजपा द्वारा वर्तमान सरकार पर 11 महीने के कार्यकाल में 10.000 करोड़ से अधिक ऋण लेने के आरोप पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नरेश चौहान ने कहा कि डबल इंजन सरकार होने का दवा करने वाली पूर्व की भाजपा सरकार ने ही प्रदेश को कर्ज के बोझ तले दबाया. उन्होंने 10000 करोड़ के कर्ज लेने के भाजपा के आरोप को सिरे से खारिज किया। नरेश चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने एक साल में केवल 6000 करोड़ रूपए का ऋण लेने और विदेशी अनुदान की भी सीमा तय कर दी है जिससे प्रदेश के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और प्रदेश की जनता को इसका भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर 10 हजार करोड़ रूपए का ऋण लेने का आरोप लगाने वाली पूर्व की जयराम सरकार ने खुद एक साल में 15000 करोड़ तक का ऋण ले लिया था।

## विकास और पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में प्रदेश सरकार के सत्त प्रयास

**शिमला,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण हिमाचल प्रदेश में हाल ही में आई भारी बारिश के कारण भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। इस तबाही ने प्रदेश के लोगों को कई गहरे ज़ख्म दिए और कई परिवार उजड़ गए। इस आपदा से सीख लेते हुए प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए हैं।



इस कड़ी में राज्य सरकार ने प्रदेश के प्रमुख क्षेत्रों में बेतरतीब निर्माण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कई उपाय लागू किए हैं। मंत्रिमंडल की हाल ही की बैठक में अनियोजित विकास से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए शिमला, चौपाल और कुल्लू में योजना क्षेत्र का विस्तार करने की योजना को स्वीकृति प्रदान की है। शिमला शहर में वर्तमान योजना क्षेत्र के अंतर्गत 414 हेक्टेयर भूमि में 17 ग्रीन बेल्ट हैं। इस क्षेत्र की 76 प्रतिशत भूमि सरकार के अधीन है। अब राज्य ने अतिरिक्त 8 क्षेत्रों को ग्रीन जोन घोषित करने की स्वीकृति दी है। इनमें शिमला के रिट्रीट, मशोबरा, बंद टुकड़ा एंड्री शिव मंदिर एंड्री, ताल और गिरी, डीपीएफ खलीनी, बीसीएस मिस्ट चैम्बर और परिमहल शामिल हैं। सरकार का यह निर्णय दर्शाता है कि प्रदेश में हरित क्षेत्र को विस्तार प्रदान कर बेतरतीब निर्माण को रोका जा रहा है।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से सीख लेने पर बल देते हुए प्रदेश में विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने को विशेष अधिमान दिया है। पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता प्रदान करते हुए राज्य में सतत् विकास के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला के योजना क्षेत्र के ग्रीन जोन में और अधिक क्षेत्र शामिल करने के लिए विकास योजना के चैप्टर-17 में संशोधन शामिल है। इस पहल का उद्देश्य न केवल मौजूदा हरित पट्टियों की रक्षा करना है बल्कि इन ग्रीन बेल्ट में मानवीय हस्तक्षेप को भी कम करना है। सतत् विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता इन निर्णायक कदमों से परिलक्षित होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों के अलावा, कुल्लू और चौपाल में इसी प्रकार के उपायों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार ने इन क्षेत्रों में बेतरतीब निर्माण को नियंत्रित करने के लिए योजना क्षेत्र का विस्तार करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दे रही है। प्रदेश में हरित आवरण को बढ़ाने के साथ-साथ राज्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ई-परिवहन को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार के यह कदम सतत् विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने और भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण के संरक्षण में काफी मददगार साबित होंगे।

## आखिर कब गोबर खरीदना शुरू करेगी कांग्रेस सरकार

- न रोजगार और ना ही युवाओं को मिला स्टार्ट अप फंड
- पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना कहा झूठी गारंटी से कब तक करेंगे
- कहा झूठी गारंटी से कब तक करेगे सत्ता पर राज

**शिमला,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश में पशुपालक अब इस दिन का इंतजार कर रहे हैं कि आखिर कब कांग्रेस सरकार उनसे 2 रुपए प्रति किलो के हिसाब से गोबर खरीदेगी और कब रोजाना उनका 10 लीटर दूध खरीद जाएगा। कांग्रेस सरकार ने झूठी गारंटी देकर सत्ता तो हथिया ली। लेकिन झूठे वादों पर आखिर कब तक वह टिके रहेंगे। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवम पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज सोशल मीडिया में भी कांग्रेस पार्टी व उनके नेता आम जनता के गुस्से का शिकार हो रहे हैं। आम जनता कांग्रेस सरकार की झूठी गारंटी को आज जान चुकी है और सरकार से जनता खुले मंच से भी इस सवाल को पूछ रही है कि आखिर कब कांग्रेस सरकार अपनी इन गारंटीयों को पूरा करेगी। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवम पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि आज ना तो महिलाओं के खाते में हर महीने 1500 आए और ना ही प्रदेश में 300 यूनिट बिजली फ्री की गई। बल्कि सरकार की गलत नीतियों के चलते हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी को भी नुकसान पहुंचा है। प्रदेश सरकार के द्वारा जो बाहरी राज्यों के वाहनों पर गलत तरीके से टैक्स बढ़ाया गया। उस कारण हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल आज सूने पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि बागवान ही अपने फलों की कीमत तय करेंगे। यह दोनों गारंटी भी अभी तक सरकार के द्वारा पूरी नहीं की गई है और ना ही प्रदेश में युवाओं के लिए भी 680 करोड रुपए के स्टार्टअप फंड को शुरू किया गया। युवाओं को प्रदेश में रोजगार देना तो दूर बल्कि उनके रोजगार को छीनने का प्रयास भी कांग्रेस सरकार के द्वारा किया गया। आज सरकार के गलत नीतियों के चलते युवा सड़कों पर बेरोजगार घूम रहे हैं। गोविंद ठाकुर का कहना है कि अपनी झूठी गारंटी में कांग्रेस ने कहा था कि हर विधानसभा में चार अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोले जाएंगे।

## लाढोवाल टोल प्लाजा पर फिर बढ़ा टोल रेट

फगवाड़ा। पंजाब में फिल्लौर से लुधियाना का सफर जेब पर अब और भारी पड़ेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने लाढोवाल टोल प्लाजा पर टोल दरें 85 दिन बाद पुनः बढ़ा दी हैं और ये आज से लागू भी हो गईं हैं। इस टोल प्लाजा पर एनएचएआई ने गत एक सितम्बर को ही टोल दरें बढ़ाईं थीं लेकिन आज से इनमें फिर से वृद्धि की गई है। टोल प्लाजा प्रबंधक गौरव कुमार ने आज यहां बताया कि अब हर कार चालक को एक तरफ का टोल 215 रूपए चुकाना होगा जो अब से पहले 165 रूपए था। जबकि आने जाने की यह राशि 325 रूपए होगी जो पहले 245 रूपये थी। ऐसे में जब फिल्लौर और लुधियाना के बीच की दूरी मात्र 12 किलोमीटर है। इसी तरह हल्के वाहनों को एक तरफ के लिये 285 रूपये की जगह 350 रूपए और आने-जाने के लिए 430 रूपए की जगह 520 रूपए चुकाने होंगे। उन्होंने बताया कि बस और ट्रक चालकों को अब एक तरफ का टोल 575 की जगह 730 रूपये तथा दो तरफ का 850 रूपए की जगह 1095 रूपए देना होगा। इससे भारी वाहनों को एक तरफ के लिए 925 रूपए की जगह 1140 रूपए तथा दो तरफ आने जाने के लिए 1385 रूपए की जगह 1715 रूपए चुकाने होंगे। टोल प्लाजा की 20 किलोमीटर की परिधि में रहने वालों के लिए मासिक पास 300 रूपए की जगह अब 330 रूपए का बनेगा।

## टोने टोटकों के चक्कर में दो सगी बहनों की हत्या

उधमसिंहनगर। टोने टोटकों के चक्कर में दो सगी बहनों की उनके ही घर में हत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया है।। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार काशीपुर के लक्ष्मीपुर पट्टी की खालिक कालोनी में शनिवार सुबह अली हसन के घर में उसकी दो पुत्रियां मृत अवस्था में पाई गईं। इस दोहरे हत्याकांड से शहर में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी। पूछताछ के दौरान सामने आया कि अली हसन का परिवार टोने टोटकों पर विश्वास करता था। यह भी जानकारी सामने आयी कि अली हसन की चार पुत्रियां व तीन पुत्र हैं। मृतका हरमीन (19) व यासीन (11) अजीबोगरीब हरकतें करती नजर आती थीं जो कभी भी अचानक चिल्लाने लगती थीं। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया इन हत्याओं के पीछे तंत्र मंत्र की संभावना दिखाई दे रही है। शवों के पास कटा हुआ मुर्गा, कुछ पैसे व खून के निशान भी मिले हैं। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। प्रथम दृष्टया पुलिस इन दो सगी बहनों की हत्या के पीछे तंत्र मंत्र को कारण मानकर चल रही है।

## सुडोकू 6386 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 2 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |

## नैनीताल में कार खाई में गिरने से 5 की मौत



- देवीपुरा सौड रूट पर गहरी खाई में गिरी कार
- दिल्ली से नैनीताल जा रहे थे कार सवार

**नैनीताल,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड मे एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। नैनीताल जिले में दिल्ली नंबर की कार देवीपुरा सौड रूट पर गहरी खाई में गिर गई है। सड़क हादसे के वक्त कार में पांच लोग सवार थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस राहत व बचाव का कार्य कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोटाबाग ब्लॉक के दूरस्थ गांव से नैनीताल जाने वाले रूट पर शुक्रवार देररात दिल्ली रजिस्टर्ड कार 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई है। लेकिन, ग्रामीणों को शनिवार दोपहर को सड़क हादसे का पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। हादसे के वकत कार में पांच लोग सवार थे। ग्रामीणों ने बचाव कार्य में जुटने में काफी कोशिश लेकिन खाई के काफी गहरा होने की वजह से वे सफल नहीं हो पाए। हादसे के वक्त कार में पांच लोग सवार थे। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे में कार सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य शुरू किया। गहरी खाई में उतरकर रेस्क्यू टीम ने शवों को कोटाबाग अस्पताल ले गए। पुलिस की ओर से शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## रेस्क्यू ऑपरेशन में देरी को कांग्रेस ने बताया सरकार का फेलियर

**देहरादून,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तरकाशी सिलक्यारा में 14 दिन से टनल में फंसे मजदूरों को निकालने की लगातार कोशिश की जा रही है। हर दिन मजदूरों के सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में कोई न कोई बाधा आ जाती है। जिसके कारण अभी तक टनल में फंसे मजदूरों को नहीं निकाला जा सका है। वहीं, टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने में हो रही देरी के मामले पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। मामले में कांग्रेस ने बीजेपी सरकार और सिस्टम पर सवाल खड़े किये हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने बाकायदा इसके लिए एक पोस्टर भी जारी किया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा उत्तरकाशी के मातली में अस्थाई मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में बैठकर पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड में 2 लाख करोड़ रुपए का निवेश जुटाने का दावा कर रहे हैं। पूंजीपतियों को सुलभ और सुरक्षित निवेश के लिए उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। दूसरी ओर टनल में फंसे 41 मजदूरों को 14 दिन बाद भी बाहर नहीं निकाला जा सका है। उन्होंने




**कांग्रेसी बोले 14 दिन से टनल में फंसे श्रमिक**

कहा इस मामले में सरकार पूरी तरह से फेल साबित हुई है। पहले दिन से ही कांग्रेस लगातार सरकार पर इस बात को लेकर हमलावर हो रही है कि प्रदेश में हो रहे कामो में मनको की अनदेखी हो रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दावों पर प्रश्न खड़े करते हुए कहा विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले हिमालयी राज्य उत्तराखंड का भूगोल और भूविज्ञान ऐसा है कि इस क्षेत्र में हर वर्ष निरंतर प्राकृतिक उथल-पुथल की घटनाएं अपरिहार्य हैं, ऐसे में तथाकथित श्ऑल वेदर रोडश् की लचर कार्य योजना, बिना एस्केप पैसेज के सुरंगों का निर्माण, आपातकालीन सुरक्षा ह्यूम पाइप बगैर, गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री के कारण जहां निर्माणाधीन सुरंग धंस जाये, वहीं 14वें दिन तक भी मजदूर और कर्मचारियों की सुरक्षित निकासी का कोई ओर-छोर सरकार को ना समझ आ रहा हो।

### कांग्रेस ने जारी किया सीएम का पोस्टर

करन माहरा ने कहा उस राज्य का मुख्यमंत्री मीडिया में छाए रहने के लिए और आपदा में अवसर तलाशते हुए और हर जगह श्रेय लेने की होड़ में है। इसके लिए सिल्क्यारा टनल के बाहर अस्थाई मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय उत्तरकाशी के मातली में बनकर बैठे हैं। वहीं से उत्तराखंड में 2 लाख करोड़ रुपए का निवेश जुटाने का दावा कर रहा हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस लगातार इस बात पर जोर दे रही है कि सरकार में सीएम धामी अपनी छवि बनाने का ही प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस ने धामी का एक पोस्टर जारी करके उनपर कटाक्ष भी किया है।

### कांग्रेस रखें संयम : भाजपा

कांग्रेस के लगातार हमलों पर बीजेपी ने भी कांग्रेस को धैर्य रखने की सलाह दी है। बीजेपी प्रदेश मिडिया प्रभारी मनवीर सिंह चैहान ने कहा कांग्रेस इस समय थोड़ा से संयम बना कर रखें। उन्होंने अपील करते हुए कहा इस समय सरकार आपदा से निपटने मे जुटी है। रेस्क्यू आपरेशन के बाद इसकी वजह, पड़ताल और कार्यवाही भी होगी। उसमें विपक्ष के सुझाव भी अहम होंगे। इसलिए कांग्रेस को अभी पीड़ितों के परिजनों का हौसला बढ़ाने को आगे आना चाहिए।

## ग्रामीणों की समस्याओं का जल्द निस्तारण करें अधिकारी: विद्युत लोकपाल

- खोलाचैरी पंचायत भवन में की गई जन सुनवाई
- स्थानीय लोगों ने रखी क्षेत्र की समस्याएं

**नई टिहरी,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। विद्युत लोकपाल पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी सुभाष कुमार ने तहसील पौड़ी के क्षेत्रान्तर्गत खोलाचैरी पंचायत भवन में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी। जन सुनवाई के दौरान अधिकतर शिकायतें विद्युत विभाग व लोक निर्माण विभाग की रही। उन्होंने समस्या के निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

खोलाचैरी में आयोजित जन सुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने विद्युत आपूर्ति, विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने, खराब सड़क की मरम्मत करने, पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने सहित अन्य समस्याओं को विद्युत लोकपाल के सम्मुख रखी। इस दौरान विद्युत लोकपाल ने ग्रामीणों की रखी गई समस्याओं का संज्ञान लेते हुए जल्द समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिलाया। शिकायतकर्ता भरत लाल ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज कमलपुर में कम वोल्टेज के चलते छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर का प्रशिक्षण लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित विद्युत अधिकारी को विद्यालय में कम वोल्टेज की समस्या को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। जिससे अध्यनरत छात्र-छात्राएं कंप्यूटर बेतहतर तरीके से सीख सकेंगे। ग्रामीणों द्वारा खराब सड़क की मरम्मत करने व पेयजल की शिकायत पर विद्युत लोकपाल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा की जन सुनवाई में जो-जो समस्याएं ग्रामीणों द्वारा रखी गई हैं उसका निस्तारण समय पर करना सुनिश्चित करें। जिससे ग्रामीणों को समय पर उसका लाभ मिल सकेगा। इस दौरान अधिशासी अभियंता विद्युत उपखंड पौड़ी गोविन्द सिंह रावत, तहसीलदार हरेंद्र खत्री, जेई विद्युत गौतम शनियाल व विनय उनियाल, कानूनगो विनोद रतूड़ी सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायकों को वोटिंग राइट देने के मामले में कोर्ट जाएगी भाजपा: ठाकुर

**शिमला,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार की ओर से विधायकों को मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव में वोटिंग राइट देने के निर्णय पर भारतीय जनता पार्टी अदालत जाने का मन बना रही है। भाजपा इस पर कानूनी तौर पर जांच पड़ताल कर रही है। उसी आधार पर आगामी निर्णय लिया जाएगा। श्री ठाकुर ने शनिवार को मंडी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस आशय की बात कही। उन्होंने कहा कि पहले सरकार ने जिलाधीशों के माध्यम से विधायकों के वोटिंग राइट को लेकर राय मांगी, जिसपर कानूनी तौर पर इनकार कर दिया गया। बाद में सरकार ने अपने इन्हीं आदेशों को पलटते हुए नोटिफिकेशन जारी करके विधायकों को वोटिंग राइट दे दिए। यह एक कानून है और इसमें किसी भी तरह का बदलाव विधानसभा में प्रस्ताव लाकर ही किया जा सकता है।

## अल्मोड़ा की भावना जोशी ने तीसरी बार पास की आईईएस परीक्षा

**अल्मोड़ा,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। अरूणाचल प्रदेश में ई एक्सक्यूटिव इंजीनियर पद पर कार्यरत अल्मोड़ा की भावना ने बड़ी सफलता हासिल की है। भावना जोशी ने तीसरी बार भारतीय इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। भावना जोशी ने देश में 57वीं रैंक हासिल की है। भावना जोशी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। अल्मोड़ा नगर के पश्चिमी पोखरखाली की रहने वाली भावना जोशी की प्रारंभिक शिक्षा अल्मोड़ा के शिशु मंदिर जीवनधाम से हुई। वह विवेकानंद इंटर कालेज से उत्तराखंड की इंटर बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन में शामिल रहीं। इसके बाद इन्होंने पंतनगर से बी-टेक एवं आईआईटी दिल्ली से एम-टेक किया। भावना ने 2018 और 2019 में भी आईईएस की परीक्षा पास कर चुकी हैं। उनके पिता किशन मोहन जोशी सिंचाई विभाग से ई सेवानिवृत्त हैं। भावना जोशी की मां भारती जोशी गृहिणी हैं। वर्तमान में भावना बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन में असिस्टेंट एक्जीक्यूटिव सिविल इंजीनियर हैं। वर्ष 2021 में उत्तराखंड के जोशीमठ के मलारी सेक्टर में ग्लेशियर लेक फटने के कारण रैणी पुल के टूट जाने से इंडो-चाइना बॉर्डर रोड सहित आसपास के कुल 13 गांव का संपर्क टूट गया था। तब भावना ने 26 दिनों में दिन रात मेहनत कर ब्रिज को बनाया। बॉर्डर रोड को दुरुस्त कर दोबारा परिगमन के लिए शुरू करवाया था। जिसके लिए वह अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित भी हो चुकीं हैं। आज उनकी इस सफलता पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी इस सफलता पर नगर के राघवेंद्र पंत, अशोक पांडे, संजय जोशी, भुवन जोशी, शैलू पांडे, महेंद्र बिष्ट, शेखर पांडे, सुमन, सौम्या सहित उनके परिजनों ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## 'टिहरी एक्रो फेस्टिवल' में देश विदेश के 130 पैराग्लाइडर कर रहे प्रतिभाग: नेगी

**नई टिहरी,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। कोटी कालोनी, टिहरी गढ़वाल में आयोजित 5 दिवसीय 'टिहरी एक्रो फेस्टिवल' में देश विदेश के 130 पैराग्लाइडर प्रतिभाग कर रहे। 'टिहरी एक्रो फेस्टिवल' के प्रथम संस्करण के दूसरे दिन प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी द्वारा पैराग्लाइडर के साथ पैराग्लाइडिंग की गई। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् के तत्वाधान में आयोजित 'टिहरी एक्रो फेस्टिवल' कं दूसरे दिन शनिवार को विभिन्न देशों से आए हुए पैराग्लाइडिंग पायलटो द्वारा टेक आफ प्वाइंट प्रताप नगर से फ्लाइंग करते हुए हवा में करतब बाजियां की गई। इस दौरान प्रतापनगर विधायक ने टर्की के पैराग्लाइडर मिस्टर वरकाई के साथ टैक ऑफ पॉइंट प्रतापनगर से उड़ान भरकर कर पैराग्लाइडिंग की गई। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्नल अश्विनी पुण्डीर द्वारा लैण्डिंग साईट पर विधायक जी का बुके देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतापनगर नेगी ने कहा कि पैराग्लाइडिंग एक अद्भूत और रोमांचकारी खेल है और यहां पहाड़, हिमलाय और झील होने के कारण प्रतापनगर मसूरी को दूसरा विकल्प है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां जनपद टिहरी गढ़वाल में प्रथम बार आयोजित की जा रही है, जो कि भविष्य में यहां पर काफी कारगर साबित होगी। कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा पूर्व में पैराग्लाइडिंग का जो प्रशिक्षण दिया गया है वह निरंतर दिया जाना चाहिए ताकि उत्तराखंड देश एवं जनपद की युवा यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर इस क्षेत्र में रोजगार पा सकें। कहा कि क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां बढ़ाने हेतु वचनबद्ध हूं और एक विधायक होने के नाते जो भी सम्भव होगा उसके लिए निरन्तर प्रयासरत रहूंगा।

## पंजाब में अवैध खनन की सी.बी.आई जांच करवायी जाए: मजीठिया

**गुरदासपुर,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब में चल रहे अवैध खनन की केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग करते हुये कहा कि भगवंत मान की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी की सरकार इस अवैध व्यापार को संरक्षण दे रही और इसका इस्तेमाल देश भर में अपनी पार्टी के प्रचार-प्रसार के लिए कर रही है। गुरदासपुर जिले के कादियान हलके के नाथपुर गांव में अवैध खनन रोकने की कोशिश के दौरान मारे गये दर्शन सिंह बेलदार के परिवार के साथ संवेदना व्यक्त करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री और अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने कहा कि यह बेहद निंदनीय है कि अवैध खनन रोकने की कोशिश करने वाले दर्शन सिंह के कत्ल को तीन दिन बीत चुके हैं लेकिन न तो मुख्यमंत्री भगवंत मान और न ही खनन मंत्री चेतन सिंह जोड़ामाजरा परिवार को सांत्वना देने पहुंचे।



श्री मजीठिया ने दर्शन सिंह की एक संतान को सरकारी नौकरी और मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा ड्यूटी के दौरान मारे गये लोगों के लिये वितरित किये जा रहे एक करोड़ रुपये का मुआवजे की मांग है। उन्होंने कहा कि दर्शन सिंह ने अवैध खनन रोकने के लिये अपने अधिकारियों के आदेश पर अपना जीवन बलिदान कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मुआवजा वितरण में उनके और उनके परिवार के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहए और उनके परिवार को पांच लाख रुपये सहायता राशि दी जानी चाहिये और बीमा राशि के साथ मुख्यमंत्री भगवंत मान की घोषणा के अनुसार एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिये। अकाली नेता ने कहा कि राज्य में शराब के कारोबार का माफिया बनने के बाद अब भगवंत मान की अगुवाई वाली आप सरकार अब अवैध रेत खनन माफिया बन गयी है। उन्होंने कहा कि जैसे शराब माफिया मामले में सीबीआई और ईडी ने जांच की थी वैसे ही अवैध रेत खनन के कारोबार की भी गहन जांच के लिये सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सौंपा जाना चाहिये। वरिष्ठ अकाली नेता ने कहा कि यह जानकर बेहद हैरानी हुई कि जब दर्शन सिंह अवैध रेत खनन को रोकने गये तो पुलिस ने उनके साथ जाना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि आप सरकार इस अवैध खनन को बढ़ावा दे रही है । उन्होंने कहा कि पंजाब में 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने दावा किया था कि उनकी सरकार एक ही साल में अवैध खनन से 20 हजार करोड़ रुपया कमाएगी, जबकि डेढ़ साल से ज्यादा समय में उसने खनन से केवल 438 करोड़ रुपये कमाए हैं। उन्होंने श्री मान से पूछा कि खनन के 19500 करोड़ रुपये कहां हैं। क्या यह केजरीवाल के हवाई दौरों या देश में आम आदमी पार्टी के प्रचार पर खर्च किये गये हैं।

## धोखाधड़ी में सपा नेता शिव प्रताप चीनू गिरफ्तार, भेजा जेल

**फर्रुखाबाद,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। धोखाधड़ी में मामले में पुलिस नें अधिवक्ता व सपा नेता शिव प्रताप चीनू को भी गिरफ्तार कर लिया। उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। दरअसल बार काउंसिल के आदेश पर शहर कोतवाली के मोहल्ला नवाब न्यामत खां निवासी वकील राजीव कुमार वाजपेयी ने बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के आदेश पर एसपी विकास कुमार को प्रार्थना पत्र देकर फतेहगढ़ कोतवाली में बसपा नेता डॉ.अनुपम दुबे, बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया, वकील व पूर्व सपा जिला उपाध्यक्ष शिव प्रताप उर्फ चीनू व 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी व गबन आदि मुकदमा दर्ज कराया था। अनुपम दुबे जेल में ही पूर्व से निरुद्ध हैं। बीते 13 नवम्बर को आरोपी संजीब पारिया को फतेहगढ़ पुलिस नें गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# बच्चों की बेहतर देखभाल के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा कायाकल्प

**लखनऊ,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। विकसित भारत की नींव रखने वाले नौनिहालों को स्वस्थ और सुपोषित बचपन देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

- **पौने दो लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट प्री-प्राइमरी के रूप में डेवलप करेगी सरकार**
- **26 जनवरी 2024 तक 7500 व 15 अगस्त 2025 तक 75 हजार केंद्रों का होगा पूरी तरह से कायाकल्प**



संकल्पबद्ध हैं। बीते शुक्रवार को अयोध्या से प्रदेश के आंगनवाड़ी केंद्रों में हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारंभ करने के साथ ही मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के पौने दो लाख आंगनबाड़ी केंद्रों की दशा सुधारने का भी संकल्प लिया है। सीएम योगी के निर्देश पर बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग पहले चरण में अगले दो साल में प्रदेश के 75 हजार आंगनवाड़ी केंद्रों का कायाकल्प करेगा। वहीं राज्य के 1000 आंगनबाड़ी केंद्रों को मुख्यमंत्री बाल वाटिका योजना के रूप में विकसित करने का भी प्लान है। प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों की वर्तमान स्थिति की बात करें तो 1,04,235 आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक विद्यालयों के भवनों में संचालित हो रहे हैं।

इसी प्रकार विभागीय भवनों में 44,011 केंद्र, 12,860 केंद्र किराए के भवनों में और 27,908 केंद्र सामुदायिक अथवा पंचायत भवनों में संचालित हो रहे हैं। हालांकि योगी सरकार ने बीते पांच साल में 850.72 करोड़ की लागत से 10,634 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का निर्माण कराया है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी के बच्चों को कान्हा और यहां सेवाएं दे रही कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को यशोदा मइया कहकर उनका सम्मान बढ़ाया है।

अब मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभाग की ओर से प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में किराये के भवनों में सचालित हो रहे 11,550 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कराने के साथ ही विभागीय भवनों में संचालित 231 बाल विकास परियोजना कार्यालयों को भी अपग्रेड करने की तैयारी है। यही नहीं लगभग 1.26 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के उपयोग के फर्नीचर भी उपलब्ध कराने को लेकर विभाग तैयारी कर रहा है। जिन 18 इंडिकेटर्स पर आंगनवाड़ी केंद्रों का कायाकल्प करने की योजना है, उनमें (1) कक्षा कक्ष में ब्लैक एवं ग्रीन बोर्ड, (2) सेंटर में रंगाई पुताई एवं वॉल पेंटिंग, (3) सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल, (4) रसोई घर में सिंक के साथ नल जल, (5) ओवरहेड टैंक के साथ नल जल की व्यवस्था शामिल हैं।

### 1,89,021 आंगनवाड़ी केंद्रों का कराया गया बेसलाइन सर्वेक्षण

विभाग की ओर से इसी वर्ष जुलाई माह में प्रदेश के 1,89,021 आंगनवाड़ी केंद्रों का बेसलाइन सर्वेक्षण कराया गया है। इसके बाद आगामी 26 जनवरी 2024 तक प्रदेश के हर जनपद के 100-100 आंगनवाड़ी केंद्रों (कुल 7500) का कायाकल्प किया जाएगा। ये अभियान यहीं नहीं रुकेगा, मुख्यमंत्री की मंशा है कि 15 अगस्त 2025 तक प्रदेश के 75 हजार आंगनवाड़ी केंद्रों का पूरी तरह से कायाकल्प करते हुए उन्हें स्मार्ट प्री-प्राइमरी स्कूलों की तर्ज पर विकास किया जाए। कायाकल्प अभियान का लक्ष्य प्रदेश के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को स्मार्ट रूप देने का है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने प्रदेश के आंगनवाड़ी केंद्रों के कायाकल्प को लेकर 18 इंडिकेटर्स तय किये हैं। इनके अनुरूप ही केंद्रों का कायाकल्प किया जाएगा।

## प्रतिबंध लकड़ी काटने के आरोपी को भेजा जेल

**किठौर,**25 नवम्बर (देशबन्धु)।। पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त व प्रतिबंधित लकड़ी काटने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वांछित अभियुक्त को शोलदा गेट के पास से दबोच लिया जबकि प्रतिबंधित लकड़ी काटने वाले आरोपी को वन दरोगा की शिकायत पर माल सहित असिलपुर के जंगल से गिरफ्तार किया। बता दें कि शनिवार की सुबह पुलिस ने वांछित अभियुक्त को लगभग 9:40 पर सोल्ड गेट के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली की शिवा उर्फ प्रशांत पुत्र तिलक चंद निवासी ग्राम अचेना थाना गुलावठी जिला बुलंदशहर शोलदा गेट के पास खड़ा है सूचना पाकर पुलिस ने शोलदा गेट के पास से शिवा उर्फ सुशांत को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरे मामले में वन विभाग अधिकारी द्वारा शिकायत करने पर पुलिस द्वारा जलीश पुत्र रईस निवासी सौंदत थाना परीक्षितगढ़ को ग्राम असीलपुर से प्रतिबंधित लकड़ी के गट्ठर जिसमें 6 आम के गटर और टाटा 407 लकड़ी भारी सहित गिरफ्तार कर थाना ले आई। कानूनी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने वंचित अभियुक्त व प्रतिबंधित लकड़ी काटने वाले आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया पुलिस टीम में इंस्पेक्टर सुनील कुमार उप निरीक्षक रजत कुमार आदि मौजूद थे।

# एनटीपीसी राष्ट्रीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता अयोध्या में प्रारंभ



**अयोध्या,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय व उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का उद्घाटन राष्ट्रीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष व केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। इस अवसर पर प्रशासनिक, खेल अधिकारियों के साथ भाजपाई नेताओं का भी जमावड़ा राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में रहा। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि तीरंदाजी प्राचीन शास्त्रों में से एक है।

यह हमें अपनी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या की धरती है जिससे निकल भगवान श्री राम ने अपने धनुष बाण के साथ मर्यादा का पालन करते हुए दुष्टों का नाश किया। यह प्रतियोगिता हमें हमारे लक्ष्य से जोड़ने की दिशा में आगे ले जाएगी। उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने खेलों में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशों पर चल रहे कार्यों का परिणाम है। खेलों के प्रति सरकार

- **राष्ट्रीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने किया उद्घाटन**

के सरोकार का पता इससे ही चलता है कि केंद्र सरकार ने खेलों का बजट एक हजार करोड़ से बढ़ा कर तीन हजार करोड़ कर दिया है। उत्तर प्रदेश में कोई खेल नीति नहीं थी। खेल नीति बनी। विकास खंड स्तर पर मिनी स्टेडिटम बना कर गांव स्तर पर खेलों को प्रोत्साहित करने का कार्य प्रगति पर है। प्रदेश तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रोत्साहन से आगे बढ़ रहे प्रदेश के खेल कार्यक्रम में तीरंदाजी की उल्लेखनीय यह है कि जिन 426 खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार ने खेल कोटे में नौकरी दी, उनमें तीरंदाजी के 72 खिलाड़ी हैं।

प्रदेश तीरंदाजी संघ के महासचिव अजय गुप्ता ने इस सत्र में जानकारी दी कि वर्ष 2000 में पूरे देश में तीरंदाजी के एक हजार खिलाड़ी भी नहीं थे। आज अकेले उत्तर प्रदेश में चार हजार से अधिक तीरंदाजी के खिलाड़ी हैं।

## सार संक्षेप

### व्यापार मेले में भ्रमण करने पहुंचे विनायक विद्यापीठ के छात्र

**मेरठ।** विनायक विद्यापीठ के बीएजेएमसी एवं बीएफए विभाग के छात्र-छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले, प्रगति मैदान, दिल्ली में भ्रमण का आयोजन किया। निदेशक इंजिव विकास कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने छात्रों को रवाना करते हुए कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्रों को देश विदेश से सम्बंधित जानकारी हासिल होती है। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा, डीन एकता सिंधू, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, बीएजेएमसी के सहायक प्रोफेसर रंजित सैनी, बीएफए विभागाध्यक्ष इंदू प्रजापति, सहायक प्रोफेसर गुलफ्शा इत्यादि उपस्थित थे। वहा छात्र-छात्राओं ने अपने देश की कला एवं संस्कृति को देखा उन्होंने भारत के अलावा अन्य देशों के स्टालों को देखा वहा हस्त निर्मित एवं वास्तुकला की वस्तुओ को देखकर छात्र-छात्राएं आश्चर्यचकित हो गए। प्राचार्या डॉव अनुप्रिता शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्रों का मानसिक विकास होता हैं और उनके भविष्य के लिए भी मददगार साबित होता हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने कहा की महाविद्यालय छात्रों के लिए समय-समय पर भिन्न-भिन्न स्थानों पर भ्रमण का आयोजन कराता रहता है जो कि छात्रों के लिए अति उपयोगी है।

### स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग ने कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के निर्देशन में स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके मुख्य अतिथि विधायक अमित अग्रवाल कैंट विधानसभा मेरठ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमित अग्रवाल, धीरेंद्र कुमार कुल सचिव, प्रोफेसर जितेंद्र सिंह, डॉ.लक्ष्मण नागर ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि अमित अग्रवाल ने कहा कि कोरोना काल के बाद डिजिटाइजेशन हर वर्ग की जरूरत हो गई थी ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे स्मार्टफोन एवं टेबलेट लेने में सक्षम नहीं थे। इस बात को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चिंतन किया एवं इस योजना का शुभारंभ किया।

### विकास खंडों में लगाया जाएगा पंजीयन शिविर

**मेरठ।** जिला विकास अधिकारी अम्बरीश कुमार ने समस्त खंड विकास अधिकारी को पत्र प्रेषित करते हुए बताया कि जीडीएक्स सिक्योरिटी एंड फैसेलिटी मैनेजमेंट सर्विस परिचौक नोएडा सुरक्षा कार्यों के लिए जनपद मेरठ के सभी विकास खंडों में पंजीयन शिविरो का आयोजन करते हुए उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवाओ को स्थाई रोजगार दिए जाने के संबंध में विकास खंडवार शिविर लगाए जाने की अनुमति चाही गई है।

### सूचना

मेरा पुत्र पिन्टू व उसकी पत्नी श्रीमति रेनू, मेरे व मेरी पत्नी श्रीमति बाला के कहने में नहीं है और समझाने पर मानते नहीं है। इसलिए मैने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र पिन्टू व पुत्रवधु श्रीमति रेनू को बेदखल कर दिया है।

**-ओमप्रकाश पुत्र स्व. श्री जीराम निवासी ग्राम कंकरखेडा, मेरठ दायमपुर, थाना कंकरखेड़ा मेरठ।**



## मेधावी छात्राओं को चिह्न देकर किया सम्मानित

**मवाना,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मेरठ के क्षेत्रीय कार्यालय ने जिला योजना के तहत शनिवार को मवाना कस्तूरबा गांधी कन्या विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता कराई। जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता का विषय प्लास्टिक प्रदूषण पर चित्रकला प्रतियोगिता एवं नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कक्षा सात की उपासना, द्वितीय पुरस्कार कक्षा आठ की आयुषी और तृतीय पुरस्कार कक्षा छह की दिव्यांशी को दिया गया। इस प्रतियोगिता में मवाना कस्तूरबा गांधी कन्या विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम शर्मा, मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरमैन अखिल कौशिक, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मेरठ के रणविजय भारती, दिलीप कुमार विश्वकर्मा, हर्षवर्धन उपस्थित रहे। चेयरमैन ने मेधावी छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में ज्ञानवर्धक कार्यक्रम की भूमिका अहम : वैभव गोयल

**मेरठ,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान में स्वामी विवेकानंद छात्र संसद 2023 का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी सम्बन्ध में सुभारती विधि संस्थान में विधिक शिक्षा एवं जागरूकता सप्ताह के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत छात्र संसद 2023 का आयोजन स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय की छात्र परिषद एवं सुभारती लॉ कॉलेज के मूट कोर्ट एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. डॉ. अभय शंकरगौडा, श्याम लाल जी डिप्टी कमांडेंट, आरएएफ एकेडमी ऑफ पब्लिक ऑर्डर (रेपो) तथा सुभारती विधि संस्थान के संकाय अध्यक्ष प्रो. डॉ. वैभव गोयल भारतीय द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सुभारती विधि संकाय के अध्यक्ष प्रो. डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि विधि के विद्यार्थियों के लिए छात्र संसद जैसे कार्यक्रम का आयोजन अति आवश्यक है, क्योंकि इस प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विधि के विद्यार्थियों के ज्ञान वर्धन हेतु छात्र सांसद जैसे कार्यक्रम अत्यधिक सहायक होते हैं।



- **सुभारती विश्वविद्यालय में छात्र संसद-2023 का हुआ आयोजन**
- **युवा सांसदों ने उठाएं जनहित के मुद्दें**
- **छात्र परिषद व मूट कोर्ट एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से लिया हिस्सा**

## एनएएस महाविद्यालय में हॉकी के पूर्व खिलाड़ियों की बैठक

**मेरठ,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। शनिवार को एनएएस महाविद्यालय के हॉकी मैदान पर हॉकी के पूर्व खिलाड़ियों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पूर्व खिलाड़ी धीरज सिंह, संजय शर्मा, हरीश गौड़, प्रमोद त्यागी, ज्ञानेन्द्र सिंह, लोकेश लोधी, तजम्मुल जैदी, कौशल किशोर, प्रभा ठाकुर, भारती भारदाज, अब्दुल्ला, अश्वनी त्यागी, प्रमोद कौशिक, राजकुमार शर्मा, उमेश शर्मा, ओमवीर, पंकज, शिव प्रकाश, लाखन, डॉ. शिवा भारद्वाज उपस्थित रहे, और हॉकी के विकास एवं उत्थान हेतु विचार-विमर्श किया। दिस्मबर माह में स्पोटर्स खिलाड़ियों का एक प्रदर्शनी मैच एनएएस महाविद्यालय के हॉकी मैदान में आयोजित किया जाएगा, और 17 वर्षीय बालकों का टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।



## डिप्टी सीएम से मिला आईएमए मेरठ का प्रतिनिधि मण्डल



**अमेठी,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। शनिवार को आईएमए मेरठ का प्रतिनिधि मण्डल डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से उनके लखनऊ निवास कैंप कार्यालय पर मिला। न्यूटिमा अस्पताल व सपा विधायक प्रकरण पर आईएमए ने आपनी बात रखते हुए कहा कि चिकित्साको और अस्पतालों में किसी भी प्रकार की अराजकता या मानसिक प्रताड़ना को सहन नहीं किया जाएगा। इसका प्रभाव अन्य मरीजों के इलाज पर भी पड़ता है। मेडिकल प्रोटेक्शन कानून को सभी पुलिस विभाग वह थानों में सख्ती से पालन करवाया जाए। गत कई वर्षों में इस तरह की घटनाएँ हो रही है। पिछले कुछ दिनों में यह घटनाएं बढ़ गई हैं। उन्होंने उप मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि इस प्रकार की असामाजिक घटनाओं को शीघ्र रोकना चाहिए और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जिससे कि भविष्य में किसी भी चिकित्सक और अस्पताल में इस प्रकार की अराजकता की पुर्नावर्ती ना हो।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आईएमए को पूर्ण आश्वासन दिया कि भविष्य में मेडिकल प्रोटएक्शन कानून का सख्ती से पालन होगा तथा वर्तमान में हुई घटनाओं में अति शीघ्र सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस प्रतिनिधिमंडल में आईएमए अध्यक्ष डॉ. सन्दीप जैन, सचिव डॉ. तरुण गोयल. डॉ. जे वि चिकारा व डॉ. संदीप गर्ग शामिल रहे।

## लोक दल ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**मवाना,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मखदुमपुर गंगा घाट पर आयोजित होने वाले गंगा मेले में लोकल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वस्थ शरीर में चिकित्सामें हजारों श्रद्धालुओं निशुल्क दवाइयां का वितरण किया। लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव विजेंद्र सिंह ने बताया कि लोकदल पार्टी द्वारा कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें चिकित्सा के साथ निशुल्क दवाइयां का वितरण किया जा रहा है। राष्ट्रीय सचिव ने बताया कि पार्टी की प्राथमिकता लोगों की सेवा करना है कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मखदुमपुर गंगा घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्टी हमेशा ऐसे शिविरों का आयोजन करती रहेगी। मखदूमपुर गंगा घाट पर आयोजित पांच दिवसीय शिविर में मेंले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को निशुल्क दवाइयों को वितरण किया गया।



# राजेश मसाला की फैक्ट्री में बारह सौ करोड़ रुपए का कारोबार

**स्वामीनाथ शुक्ल**

**अमेठी,** 25 नवम्बर (देशबन्धु)। राजेश मसाला की फैक्ट्री में बारह सौ करोड़ रुपए का कारोबार है। फैक्ट्री में सालभर की आमदनी से 40 करोड़ रुपए इनकम टैक्स भरते हैं। बाकी दस करोड़ रुपए में गरीबों की पढ़ाई-लिखाई, दवाई, बीमारी, प्राकृतिक आपदा,धार्मिक कार्य और गरीबों में खर्च करते हैं। राजेश मसाला भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष है। जिला पंचायत अध्यक्ष जनपद का प्रथम नागरिक माना जाता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि कुछ लोग उन्हें ब्लैक मेल करने के लिए छवि खराब करने में जुटे हैं। जिससे वे बहुत आहत हैं। ब्लैक मेल करने वाले गिरोह की शिकायत मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के साथ अदालत में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराएंगे। राजेश मसाला ने बताया कि बारह साल पहले टिकरी में सवा तेईस बीघे जमीन का बैनामा लिए थे। बैनामे की जमीन सुल्तानपुर के अभिषेक, मुरादाबाद के नियाजुदीन और राजकुमार सिंह की खेतौनी से लिए थे। बैनामा कराने पर जमीन का स्वामित्व मिलने पर नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट के साथ जमीन का अधिग्रहण किए थे। बाद में तेईस बीघे जमीन पर आटा उधोग की फैक्ट्री बनी है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री से काफी दूर सीमा नाम की एक महिला पट्टे की जमीन का बैनामा लिया था।

- **40 करोड़ रुपए भरते हैं इनकम टैक्स**



# भ्रष्टाचार से कराह रहे उच्च शैक्षणिक संस्थानों पर नहीं लग रही नकेल

**ओम प्रकाश सिंह**

**लखनऊ/अयोध्या/आजमगढ़,** 25 नवम्बर(देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के कई राज्यों में राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों पर मुख्यमंत्रियों का नियंत्रण नहीं है। कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर कुछ मामले तो सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंचे हैं। पिछले तीन दशक से यूपी के राज्य विश्वविद्यालयों की स्थिति शैक्षणिक मामले में बेहद खराब है। अधिकांश राज्य विश्वविद्यालय के कुलपतियों पर अवैध नियुक्ति, भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। कानपुर, झांसी, आगरा, गोरखपुर अवध विश्वविद्यालयों को तो ऐसे मामलों में महारत हासिल है।

चार वर्ष पूर्व गठित आजमगढ़ राज्य विश्वविद्यालय भी अपने से बड़ो की राह चल पड़ा है। दो माह पूर्व शिब्ली नेशनल कालेज आजमगढ़ में हुई 55 सहायक प्रोफेसरों की भर्तियां अब फंसती नजर आ रही हैं। इन नियुक्तियों में भ्रष्टाचार की गंभीर शिकायतें विभिन्न व्यक्तियों द्वारा की गयीं थीं, जिस पर शासन और राजभवन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के अलग-अलग आदेश दिए हैं। प्रबंध समिति और चयन समिति द्वारा की नियुक्तियों का अनुमोदन विश्वविद्यालय स्तर पर लंबित चल रहा है क्योंकि राजभवन के आदेश पर कुलपति के साथ मंडलायुक्त को इन नियुक्तियों की जांच करनी है। शिब्ली कालेज में लगे भ्रष्टाचार के आरोप यदि सही निकले तो सभी भर्तियों का अनुमोदन न केवल फंस जाएगा बल्कि नियुक्तियां भी फंस जाएगी, जिसके आसार अब कुछ ज्यादा ही लग रहें हैं। रामनगरी के डाक्टर राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने तो जैसे अवैध नियुक्तियों, भ्रष्टाचार के मामले में पीएचडी क्षकर रखा है। एक वर्ष पूर्व ऐसे ही आरोपों को लेकर तत्कालीन कुलपति रविशंकर सिंह पटेल को समय से पहले ही पद से हटा दिया गया था। उसके पहले बीके गुप्ता नामक कुलपति को छह महीने में ही राज भवन ने हटा दिया था।

पूर्व कुलपति गुलाब चंद राम जायसवाल ने तो भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड ही कायम कर दिया था। आर्थिक अपराध अनुसंधान की जांच व कार्रवाई अभी भी लंबित है। यहां पर पांच साल से जमे परीक्षा नियंत्रक उमानाथ को भ्रष्टाचार के नाथ की उपाधि मिली हुई है। हाल ही में बीड कॉलेजों की सीटों के निर्धारण को लेकर भाजपा नेता डॉ रजनीश सिंह की शिकायत पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जांच के आदेश दिए हैं।

- **मुख्यमंत्री व राजभवन के आदेशों को भी तव्वजो नहीं देते हैं राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति**
- **कानपुर, झांसी, आगरा, अवध विश्वविद्यालयों से भी आगे निकला नवधा आजमगढ़ विश्वविद्यालय**
- **शब्ली नेशनल कॉलेज की 55 नियुक्तियों की जांच के लिए राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दिए आदेश**




### सीएम आफिस के आदेश पर आजमगढ़ कमिश्नर को मिली शिब्ली की जांच

राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच की 18 अक्टूबर के शिकायती पत्र पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने शिब्ली नेशनल कालेज की भर्तियों की जांच का आदेश आजमगढ़ मंडल के आयुक्त मनीष चौहान को दिया है। उन्होंने बताया कि इसके पहले भी राजभवन से इन नियुक्तियों की जांच करने के लिए 11 सितंबर को कुलपति को दो-दो आदेश हुआ। जिसमें 15 दिन में उन्हें राजभवन को आख्या भेजनी थी, लेकिन एक महीने से अधिक समय हो जाने पर भी जब कुलपति ने राजभवन को इस भ्रष्टाचार के विरुद्ध आख्या नहीं भेजी तो उन्होंने इसकी एक बार फिर शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय और राजभवन से की। उन्होंने कहा कि शिब्ली कालेज के भ्रष्टाचारी चाहे जितने ताकतवर हों, जितने भी संगठित हों, बचने नहीं पाएंगे।

कानून का हाथ उनकी गर्दन तक जरूर पहुंचेगा। शिब्ली नेशनल कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर अफसर अली की स्वयं की नियुक्ति संदेह के घेरे में है।

### शासन ने उच्च शिक्षा निदेशक को भी दिए जांच के आदेश

उत्तर प्रदेश शासन का उच्च शिक्षा अनुभाग-6 ने भी शिब्ली नेशनल कालेज की सहायक प्रोफेसर भर्तियों की जांच के लिए आदेश दे दिए हैं। अपने 25 अक्टूबर के आदेश में उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन के संयुक्त सचिव प्रेम कुमार पांडेय ने निदेशालय प्रयागराज को आदेश जारी करते हुए उच्च शिक्षा निदेशक से शिबली कालेज की भर्तियों में हुई अनियमितता की जांच करने को कहा है। उन्होंने कहा कि शिकायती आरोपों की बिन्दुवार जांच कर उसकी रिपोर्ट एक सप्ताह में शासन को भेजा जाए।

देशबन्धु नई दिल्ली, रविवार, 26 नवम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# दुनिया रंग-बिरंगी

### इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में सराही गई राधिका मदान की फिल्म सना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री राधिका मदान की फिल्म सना को 54 वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में सराहना मिली। सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म 'सना' का हाल ही में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के 54वें एडिशन में 'इंडियन पैनोरमा' सेक्शन में प्रीमियर हुआ और इसे दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया 2023 में फिल्म सना को मिली शानदार प्रतिक्रिया से सम्मानित होकर, निर्देशक सुधांशु सरिया ने कहा, मैं खुद को दुनिया के टॉप पर महसूस करता हूं। हमें मान्यता की आवश्यकता नहीं है, लेकिन हमें जो अविश्वसनीय सराहना मिली है, उससे ऐसा लगा जैसे मुझे यह मेरे परिवार से मिली है क्योंकि हमारे देश ने इसे स्वीकार किया है।

## अपने एक्टिंग करियर में कुछ हटकर किरदार निभाना चाहती हूं : नेहा पेंडसे

**मुंबई,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस नेहा पेंडसे, जो 'मे आई कम इन मैडम', 'देवदास', 'तुम से अच्छा कौन है' सहित अन्य प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए जानी जाती हैं, अपने एक्टिंग करियर में कॉमेडी से हटकर कुछ अलग करना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं लोगों को हंसाने में भाग्यशाली रही हूं, मुझे लगता है कि मेरी एक चीज जिसे अभी तक खोजी नहीं जा सकी है, वह है एक अभिनेता के रूप में कॉमेडी के अलावा भावनाएं व्यक्त करने की मेरी क्षमता।

मैं गहरी और सूक्ष्म भावनाओं को चित्रित करने के क्षेत्र में उतरने के लिए उत्सुक हूं। एक अभिनेत्री के रूप में मेरे पास बहुत कुछ है और मेरा मानना है कि प्रदर्शन की कई परतें हैं जिन्हें मैं दर्शकों के सामने ला सकती हूं।



सिटकॉम 'मे आई कम इन मैडम' में मैडम संजना के रूप में उनकी भूमिका के लिए पसंद किया जाता है, और संदीप आनंद और सपना सिकरवार के साथ उनकी केमिस्ट्री ने दर्शकों को शो से बांधे रखा है। 'मे आई कम इन मैडम' स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

### आहार में शाकाहार को शामिल करने को लेकर शोधकर्ताओं का खुलासा

## मांस की बजाय शाकाहार खाने से मधुमेह, हृदय रोग का खतरा कम

- पशु-आधारित की बजाय पौधे-आधारित खाद्य पदार्थों को अपनाना
- अंडे की जगह नट्स लेने से हृदय रोग की मृत्यु दर कम

**सैन फ्रांसिस्को,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। लाल और प्रसंस्कृत मांस जैसे पशु-आधारित भोजन को नट्स या फलियां जैसे पौधे-आधारित खाद्य पदार्थों के साथ बदलने से हृदय रोग (सीवीडी), टाइप 2 मधुमेह, कोरोनरी हृदय रोग और कुल मिलाकर मृत्यु के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। एक नए अध्ययन में यह पाया गया है।बीएमसी मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में 37 पूर्व अध्ययनों के परिणामों का विश्लेषण किया गया और इसके निष्कर्षों ने आहार में अधिक शाकाहार को शामिल करने के संभावित स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला। शोधकर्ताओं ने बताया कि हमारे निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि पशु-



आधारित (जैसे, लाल और प्रसंस्कृत मांस, अंडे, डेयरी, पोल्ट्री, मक्खन) की बजाय पौधे-आधारित (जैसे, नट्स, फलियां, साबुत अनाज, जैतून का तेल) खाद्य पदार्थों को अपनाना कार्डियोमेटाबोलिक स्वास्थ्य और किसी भी कारण से होने वाली मृत्यु के मामले में लाभकारी होता है।उन्होंने पाया कि रोजाना एक अंडे की जगह नट्स लेने से हृदय रोग की मृत्यु दर कम हो जाती है। मक्खन के स्थान पर जैतून का तेल इस्तेमाल करने से भी ऐसे ही परिणाम प्राप्त हुए।रोजाना 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के बदले 28 ग्राम नट्स लेने से कोरोनरी हृदय रोग का खतरा कम हो जाता है। दूसरी ओर, अध्ययन में पाया गया कि पोल्ट्री या समुद्री भोजन की जगह नट्स या फलियां खाना अच्छा विचार नहीं है।इस बात के प्रमाण कम ही थे कि लाल मांस को नट्स या फलियों से बदलने से कोरोनरी हृदय रोग का खतरा कम हो जाता है। शोधकर्ताओं ने यह भी पता लगाया कि मक्खन के स्थान पर जैतून का तेल, लाल मांस के स्थान पर नट्स, या रोजाना एक अंडे के स्थान पर नट्स का उपयोग टाइप 2 मधुमेह की आवृत्ति से विपरीत रूप से संबंधित था।

## ऑटिस्टिक लोगों की कम हो जाती है जीवन प्रत्याशा

- बिना ऑटिस्टिक महिलाओं की औसत अनुमानित जीवन प्रत्याशा लगभग 76.8 वर्ष
- पुरुषों की सामान्य जीवन प्रत्याशा लगभग 80 वर्ष व महिलाओं की लगभग 83 वर्ष

**लंदन,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में एक नए अध्ययन से पुष्टि हुई है कि ऑटिस्टिक लोगों की जीवन प्रत्याशा कम हो जाती है, हालांकि यह कमी उतनी अधिक नहीं होती जितना पहले दावा किया गया था। द लांसेट रीजनल हेल्थ – यूरोप में प्रकाशित शोध, ब्रिटेन में रहने वाले ऑटिस्टिक लोगों द्वारा खोई गई जीवन प्रत्याशा और जीवन के वर्षों का अनुमान लगाने का पहला प्रयास है।



टीम ने 1989 से 2019 के बीच ऑटिज़्म निदान प्राप्त करने वाले लोगों का अध्ययन करने के लिए पूरे ब्रिटेन में जीपी प्रथाओं से ऐसे डेटा का उपयोग किया जिसमें मरीजों के नाम उजागर नहीं किये गये थे।

शोधकर्ताओं ने पाया कि सीखने की अक्षमता के बिना ऑटिस्टिक पुरुषों की औसत अनुमानित जीवन प्रत्याशा 74.6 वर्ष थी, और सीखने की अक्षमता के बिना ऑटिस्टिक महिलाओं की औसत अनुमानित जीवन प्रत्याशा लगभग 76.8 वर्ष थी।

इस बीच, ऑटिज्म और सीखने की अक्षमता से पीड़ित लोगों की अनुमानित जीवन प्रत्याशा पुरुषों के लिए लगभग 71.7 वर्ष और महिलाओं के लिए 69.6 वर्ष थी।

वहीं, ब्रिटेन में रहने वाले पुरुषों की सामान्य जीवन प्रत्याशा लगभग 80 वर्ष और महिलाओं की लगभग 83 वर्ष है।

अध्ययन प्रमुख अन्वेषक प्रोफेसर जोश स्टॉट ने कहा कि हमारे ज्ञान के अनुसार, ऑटिज्म सीधे तौर पर जीवन प्रत्याशा को कम नहीं करता है, लेकिन हम जानते हैं कि ऑटिस्टिक लोग स्वास्थ्य असमानताओं का अनुभव करते हैं, जिसका अर्थ है कि उन्हें अक्सर वह समर्थन और सहायता नहीं मिलती है जिसकी उन्हें जरूरत के समय आवश्यकता होती है।

हालांकि, नए अनुमान यह भी बताते हैं कि व्यापक रूप से रिपोर्ट किया गया आँकड़ा कि ऑटिस्टिक लोग औसतन 16 साल कम जीते हैं, गलत होने की संभावना है।

स्टॉट ने कहा कि हमारे निष्कर्षों से पता चलता है कि कुछ ऑटिस्टिक लोग समय से पहले मर रहे थे, जिससे समग्र जीवन प्रत्याशा पर असर पड़ा। हालाँकि, हम जानते हैं कि जब उन्हें सही समर्थन मिलता है, तो कई ऑटिस्टिक लोग लंबा, स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीते हैं।

हमें यह पता लगाने की ज़रूरत है कि कुछ ऑटिस्टिक लोग समय से पहले क्यों मर रहे हैं ताकि हम ऐसा होने से रोकने के तरीकों की पहचान कर सकें।

कुछ ऑटिस्टिक लोगों में सीखने की अक्षमता भी होती है, और जब वे दर्द या असुविधा का अनुभव कर रहे होते हैं तो उन्हें दूसरों को समझाना मुश्किल हो सकता है। इसका मतलब यह हो सकता है कि स्वास्थ्य समस्याओं का पता ही नहीं चल पाता। संयुक्त प्रमुख लेखक डॉ. एलिजाबेथ ओनियंस ने कहा कि हमारा मानना है कि इस अध्ययन के निष्कर्ष उन असमानताओं को दर्शाते हैं जो ऑटिस्टिक लोगों को असमान रूप से प्रभावित करते हैं।

## देव दीपावली 2023 : काशी में क्रैकर, लेजर शो के साथ संगीत के संगम की बहेगी अद्भुत धारा

**वाराणसी,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। देव दीपावली में काशी के अर्धचन्द्राकार गंगा घाटों पर दीपों का हार सजेगा, वहीं गंगा के दूसरी ओर पर्यटक आकाश में क्रैकर शो, लेजर शो और संगीत तीनों का एक साथ आनंद ले सकेंगे। रेत पर शिव के भजनों और धुनों पर ग्रीन आतिशबाजी होगी।

दरअसल, वाराणसी में 27 नवम्बर को मनाए जाने वाले देव दीपावली की तैयारी जोरों पर चल रही है। काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार के सामने रेत पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो का आयोजन किया जाएगा। योगी



सरकार देव दीपावली को दिव्य और भव्य बनाने के लिए 12 लाख दीपों से घाटों को रोशन करने के साथ, लेजर शो, क्रैकर्स शो का भी आयोजन करा रही है। पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो की तैयारी जारी है। क्रैकर्स शो लगभग 13 मिनट का होगा। डोम एंटरटेनमेंट के इंडिया हेड संजय प्रताप सिंह ने बताया कि रेत पर लगभग 1 किलोमीटर के स्ट्रेच पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो होगा। भगवान शिव के ऊपर बने 'हर-हर शम्भू', 'शिव तांडव स्त्रोत' आदि भजनों के 9 से 10 ट्रैक पर आतिशबाजी शो का आयोजन होगा। आकाश में कई तरह के आकर्षक आकार के चित्र भी दिखाई देंगे।

उन्होंने जानकारी दी कि इस क्रैकर शो में पटाखे लगभग 60 से 70 मीटर ऊंचाई तक जाते हैं, जो काफी दूर से दिखाई देते हैं। ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स प्रदूषण रहित होते हैं। पटाखों की आवाज 70 डेसीबल से कम होती है।

## सलमान खान अपने काम के लिए जीते हैं : कैटरीना कैफ

